



पाक्षिक
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
SINCE 1998

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-06-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 | अंक-24 | भीलवाड़ा/07 जून, 2024 | कुल पृष्ठ- 14 | मूल्य : 25 रुपए





















### न्यूयॉर्क में कॉटन के भाव में 2.9% मंदी

# भारत से निर्यात प्रभावित होने की संभावना

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

अमेरिका में कॉटन का उत्पादन अधिक होने की संभावना से मई के दौरान आईसीई कॉटन वायदा में गिरावट का दौर रहा। निर्यात कम होने की आशंका से भी भाव पर दबाव बना रहा। जानकारों का कहना है कि न्यूयॉर्क में कॉटन के भाव में गिरावट आने से आगामी महीनों में भारत से इसका निर्यात प्रभावित हो सकता है। जानकार व्यापारियों का कहना है कि मई के दौरान आईसीई कॉटन जुलाई वायदा 2.9 प्रतिशत तक मंदा रहा, जबकि दिसम्बर वायदा 2.2 प्रतिशत नरम रहा। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 30 अप्रैल को न्यूयार्क में जुलाई वायदा 78.43 सेंट था, जो दोतरफा घटा-बढ़ी के बाद 30 मई को 2.28 सेंट की गिरावट के साथ 76.15 सेंट पर बंद हुआ। इसी प्रकार दिसम्बर वायदा 1.72 सेंट घटकर 75.11 सेंट रह गया। जानकारों का कहना है कि गिरावट का प्रमुख कारण 2024-25 में अमेरिका में कॉटन का उत्पादन अधिक होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेरिका के टैक्सास और अन्य प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में बारिश होने के कारण मौसम कॉटन की बुआई और फसल के अनुकूल बना हुआ है। यही नहीं इस वर्ष अमेरिका में अभी तक कॉटन की बुआई गत वर्ष की तुलना में आगे बनी हुई है। अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार अमेरिका में कॉटन की 60 प्रतिशत फसल की स्थिति शानदार बनी हुई थी।

जानकारों का कहना है कि इस समय की स्थिति के अनुसार, अमेरिका में कॉटन का उत्पादन अधिक होने की संभावना है क्योंकि इस वर्ष वहां पर इसका क्षेत्रफल भी बढ़ने का अनुमान है। एक ओर जहां अमेरिका में कॉटन का उत्पादन अधिक होने का अनुमान है वहीं, दूसरी ओर वहां से निर्यात कमी आ रही है। जानकारों के अनुसार कई सप्ताह से अमेरिका से कॉटन का निर्यात कम हो रहा है। विश्व के कॉटन के सबसे बड़े आयातक और उपभोक्ता देश चीन की खरीद कम बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि चीन के अतिरिक्त अन्य देशों की खरीद भी कम बनी हुई है। इससे भी न्यूयॉर्क कॉटन पर दबाव रहा। जानकारों का कहना है कि आगामी दिनों में भी चीन की मांग होने की आशंका है। व्यापारियों के अनुसार ब्राजील में उत्पादन होने के कारण वहां से कॉटन का निर्यात लगातार बढ़ रहा है और अमेरिकी कॉटन की मांग कम हो रही है।

शुरुआत नरम- इसी बीच, मई के बाद जून की शुरुआत भी अब नरमी के साथ हुई है। तीन जून को न्यूयॉर्क कॉटन जुलाई वायदा और गिरकर 73.15 सेंट रह गया। जानकारों का कहना है कि 19 माह का सबसे निचला भाव है। दिसम्बर वायदा भी घटकर 73.35 सेंट रह गया।

**शेष पेज 6 पर**

































## स्कूल यूनिफॉर्म की पूछ-परख शुरू

**सतना / बलराम शुक्ला**

इस समय व्यापार मंदी के दौर से गुजर रहा है। दुकान खोलना और शाम को चले जाना बस यही दिनचर्या हो गई है। व्यापार शून्य है सिर्फ उम्मीद के सहारे व्यापारी बैठा है। पुराने जानकार व्यापारियों का कहना है कि लग्न जुलाई में है इसलिए व्यापार दस जून से चलने लगेगा लेकिन एक तरफ स्कूल ड्रेस का काम करने वाले व्यापारियों ने खरीदी करना चालू कर दिया है। अभी प्राइवेट स्कूलों के कपड़ों की मांग शुरू हो गई है लेकिन सब सेटिंग्स के हिसाब से बिक रही है। बाजार में नयी-नयी स्कूल ड्रेस बिक रही है। व्यापारी भी ज्यादा माल रखने के मूढ में नहीं है, डर है फिर भी प्राइवेट यूनिफॉर्म बिक रही है, लेकिन सरकारी यूनिफॉर्म में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। चुनाव के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# यूनिफॉर्म सेक्टर में नया डवलपमेन्ट बाजार में देवी लाल सूटिंग




भीलवाड़ा / फैंसी सूटिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक में नित नए डवलपमेन्ट करते हुए देवी लाल सूटिंग आज भारत की तमाम मण्डियों में अपनी पहचान कायम कर ली है। फर्म द्वारा हर वर्ष यूनिफॉर्म फैब्रिक में डवलपमेन्ट करते हुए पीवी, पीसी, पॉलिएस्टर, ट्रॉविन, ताशा, मेटी, टसर, ट्विल, फोर कॉस्ट, चैक्स की क्वालिटियों में निरन्तर नया डवलपमेंट पेश किए हैं। इन सभी क्वालिटियों में किड्स वियर, बॉय स्टाइल, स्कूल बॉय, संस्कार, ऑफिसर, रिचलुक, डर्बी आदि नाम के साथ मार्केट में बिक रही है। साथ ही कम्पनी द्वारा एपीसी कटिंग पर भी कपड़ा उत्पादित कर सप्लाई किया जा रहा है। फर्म के मालिक श्री अशोक मण्डोवरा ने बताया कि हमारे द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म के साथ-साथ फैंसी एवं गारमेण्ट फैब्रिक में भी बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। जिसमें पीवी, पीसी, चैक्स, कॉटन, लिनन, लाइक्रा आदि प्रमुख है, जो गारमेण्टरों को बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जा रहा है। श्री मण्डोवरा ने बताया कि हम हमेशा क्वालिटी व उत्पाद देने में विश्वास करते हैं तथा ग्राहकों को समय पर फैब्रिक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य करते हैं। उसकी बदौलत आज भारत की तमाम मण्डियों में हमारा सेल्स नेटवर्क फैला हुआ है।




## सूटिंग-शर्टिंग में प्रिंटेड का क्रेज बरकरार

**ब्यावर / अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी का सन्नाटा छाया है। कारण की अभी शादी-ब्याह आगामी जुलाई माह में है। धूप भी इतनी पड़ रही है कि घरों से बाहर निकलना भी भारी है। जरुरत के मुताबिक माल की आवक बनी हुई है। रेमण्ड कॉटन की पूछ-परख जारी है। शर्टिंग-सूटिंग ओरना आइटम डांगी, 20×20, 50×50 टोरा-टोरा प्लेन वर्क व प्रिंटेड सिरोसकी वर्क का चलन बढ़ गया है। राजपूती ड्रेस का माल ज्यादा बिका है। शर्टिंग में प्रिंटेड व सूटिंग में फैंसी चैक्स व लाइनिंग तथा प्लेन में टसर 2/18 हैवी व हल्की पीवी क्वालिटी चलन में है। पेमेंट की आवक ठीक है।




## छुटपुट बिक्री पर सिमटा कारोबार

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल...**मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ आदि पश्चिमी उत्तरप्रदेश की कमोबेश सभी कपड़ा मार्केट्स में लग्न-सावा-मुहूर्त न होने, कोई प्रमुख त्योहार न होने से ग्राहकी एक दायरे में सिमटकर रह गई है, कपड़े की अधिकांश बिक्री लग्न सावा अथवा तीज त्योहार पर तो भरपूर मात्रा में होती है किन्तु अन्यथा की स्थिति में सिमटकर रह जाती है। पैंट-शर्ट, कुर्ता-पायजामा, रेडीमेड गारमेण्ट, फैंसी ड्रेस, साड़ी और पेटीकोट ब्लाऊज, हैंडलूम्स प्रत्येक सेगमेंट में ग्राहकी प्रभावित है। पेमेंट की आवक भी प्रभावित हुई है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्वश्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अशोक छाबड़ा, पवन बत्रा, सुदर्शन खरबंदा, इन्द्र सुनेजा, भंवर लाल, संजीव गोयल, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग, अमृत राठी आदि के अनुसार अभी हाल कुछ ज़्यादा अच्छे नहीं हैं।




### लघु उद्योग भारती-भीलवाड़ा इकाई ने केन्द्र सरकार को लिखा पत्र

# MSME धारा 43B (H) में मध्यम उद्योगों को शामिल करने का आग्रह

## भुगतान संबंधी विसंगति होगी दूर



भीलवाड़ा/ पिछले दिनों लघु उद्योग भारती की भीलवाड़ा इकाई कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार को विभिन्न प्रतिवेदन भेजने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष श्री शंभू प्रसाद काबरा ने बताया कि पिछले सप्ताह राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद्र के भीलवाड़ा प्रवास पर उन्होंने बताया कि लघु उद्योग भारती से केंद्र एवं राज्य सरकार ने आगामी बजट हेतु सुझाव मांगे है। लघु उद्योग भारती की भीलवाड़ा इकाई ने राज्य इकाई के माध्यम से केंद्र को पत्र लिखा जाना है, जिसमें एमएसएमई में इनकम टेक्स की धारा 43 बी (एच) में मध्यम उद्योगों को शामिल करने का आग्रह किया गया, जिससे भुगतान संबंधी विसंगति दूर हो सके। सीए श्री शिव प्रकाश झँवर ने सुझाव दिया कि मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना में सोलर को शामिल किया जाना चाहिए। प्रांत उपाध्यक्ष श्री महेश हुरकट ने जीएसटी की तरह देशभर में उद्योगों के लिए पावर की समान रेट रखी जानी चाहिए। वर्तमान में राजस्थान में पावर की रेट अधिक होने से उद्योग पलायन कर रहे हैं और बिजनेस दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो रहा है।

**सोलर प्रोत्साहन**- उद्योगों में सोलर लगाने की कैपेसिटी की लिमिटेशन समाप्त कर अधिकतम सोलर लगाने को प्रोत्साहन देना चाहिए, इससे सरकारों के ऊपर बिजली सप्लाई का लोड कम होगा और उद्योगों को बिजली लागत में राहत मिलेगी। सचिव श्री कमलेश जैन ने केंद्र सरकार की पीएलआई स्कीम को एमएसएमई के लिए उपलब्ध कराने की योजना केंद्र को भेजने का सुझाव दिया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री संजीव चिरानिया ने सुझाव दिया कि भीलवाड़ा में रेडीमेड गारमेंट में अच्छा स्कोप है, इसको प्रोत्साहन देने के लिए नए श्रमिक को 6 माह उद्योग द्वारा ही प्रशिक्षित किया जावे। प्रशिक्षण के समय श्रमिक का वेतन स्किल डवलपमेंट विभाग द्वारा उद्योग के माध्यम से भुगतान किया जाए। इस सिस्टम से उद्योगों को पर्याप्त स्किल लेबर मिल सकेगी।


**पार्क पर मंथन**- प्रदेश संयुक्त सचिव श्री राजकुमार मेलाना द्वारा सुझाव दिया गया कि भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क का नए सिरे से प्रयास किया जाना चाहिए। मीटिंग में प्रांत संयुक्त सचिव श्री अजय मूंदड़ा, श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, श्री हरी अग्रवाल ने भी उपयोगी सुझाव दिए। उपाध्यक्ष श्री सुरेश कोगटा ने आगामी 8 जून को लघु उद्योग भारती के द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर के बारे में जानकारी दी। श्री लक्ष्मी लाल तिवाड़ी ने वर्षकाल में लघु उद्योग भारती की ओर से पौधारोपण योजना की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य श्री के.के.जिंदल, उपाध्यक्ष श्री अनूप बागड़ोदिया, श्री गोपाल झँवर, श्री सत्यनारायण झँवर, श्री रवि कालरा भी उपस्थित थे।

## जुलाई माह से ग्राहकी चलने के आसार

**मुंबई / आर. बी. सिंह**

आमतौर पर दिवाली पश्चात गोवर्धन पूजा के बाद से ही उत्तर भारत में शादी-विवाह हेतु वर-वधू को देखने और उनके शादी करने की तारिखों की सरगर्मियां तेज हो जाती है, जो होली के समय से ही यानि मार्च-अप्रैल से मई-जून में ऊफान पर होती है और कुछेक शादियां ही जुलाई महीने में होती है। पिछले एक दशक से अधिकांशजन नवंबर और दिसंबर माह में भी शादियां करने और शादियों की तारिखें रखने में रूचि दिखाने लगे हैं क्योंकि अब अधिकांशजनों का ठिकाना देश के विभिन्न औद्योगिक नगरियों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लुधियाना एवं बंगलुरू के तरफ बन चुका है, जो मई-जून की भीषण गर्मी और रेलवे टिकिट आदि की समस्याओं के कारण गाँव जाना पसंद ही नहीं करते।

जिन सबके बावजूद भी इस बार मई-जून में पंचांग के अनुसार शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त ही नहीं है, जिस कारण रिटेल सहित होलसेल आदि कपड़ा विक्रेताओं में मायूसी छायी हुई है। कपड़ों के व्यापारी श्री जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू सिंह से फोन पर बातचीत के दरम्यान यह जानकारी दी की, हम सभी मई-जून के लग्न में ही भरपूर कपड़ों की बिक्री करते थे, जिस कारण सावन-भादो मास की अधिक बरसात या पौष-माघ वाले खरमास महीने में यदि कोई बिक्री अधिक नहीं होती, तब भी हम सबको कोई अधिक फर्क नहीं पड़ता था। इस बार तो मई-जून में लग्न नहीं होने के कारण परदेशी बंधुओं का गाँव आना भी नहीं हो पाया जिस कारण फुटकर कपड़ों की भी बिक्री ठंडी पड़ी है। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रिया एकमा बाजार के ही शिव मार्केट गली में स्थित कपड़ों के मशहूर व्यापारी साँई धाम वस्त्रालय के प्रोपराइटर श्री संजय सिंह की तरफ से मिली कि हम सभी अप्रैल, मई और जून के इन तीन महीनों में जितना कमाते थे, उसी से बाकी साल के नौ महीने तक खाते थे, बाकी बीच-बीच में तो छुटपुट ग्राहकी चलती ही रहती थी। लेकिन इस बार तो सब उलटफेर हो गया है। बाकी जुलाई में तो बरसात शुरू हो जाती है, जिसमें शादी-विवाह में आंधी, पानी आ जाने से खलल पड़ता है। इस कारण उस महीने में अधिकांश लोग शादी-विवाह करना पसंद ही नहीं करते या बचे-खुचे ही लग्न होते हैं। कुछ ऐसा ही हाल मुंबई के बड़े-बड़े होलसेल व्यापारीजनों का कहना है कि मई-जून में लग्न नहीं होने का नुकसान हम सब झेल ही रहे हैं। उसके अलावा सरकार द्वारा बनाए गए रूस्स्ध के कानून की मार भी झेल रहे हैं। पेमेंट में भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। कुछ ऐसा ही कहना है मुंबई के डोम्बिवली (प) के एक व्यापारी श्री प्रेमलाल कंसेलवाल का कि इस बार तो मुंबई में चल रही उमस भरी और चिपचिपाहट से सराबोर गर्मी ने घर से बाहर निकलना मुश्किल कर रखा है।




## भीषण गर्मी से मार्केट में ग्राहकी सुस्त

**जयपुर/ ओम जैन...** पिछले सप्ताह गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूट गए। पहला कारण भीषण गर्मी के कारण बाजार में सन्नाटा छाया रहा, दूसरा कारण वैवाहिक शादियां नही होना बताया जा रहा है। इस बार अप्रैल माह में जो ग्राहकी सम्भावना व्यक्त की जा रही थी वह शून्य रही। बाजार से ग्राहकी लगभग गायब सी हो गयी। व्यापारियों का कहना है कि गर्मी के कारण रिटेल बाजार खाली होने के कारण छूटपूट ग्राहकी भी नहीं है।

आगामी लोकसभा चुनाव के रिजल्ट आने से भी ग्राहकी कमजोर ही रहने वाली है। नई सरकार बनने के बाद दिसावर मार्केट की स्थिति पर बाजार निर्भर होगा। कुर्ती बाजार में व्यापारियों नये सेम्पल बनाकर आगे ऑर्डर की तैयारी कर रहे हैं। प्रिंट का माल भी अब पहले से कम हो गया है। लेडीज ग्राहकी में जो जयपुर की साड़ी बिक रही है उसका क्रेज भी पहले से कम हो गया है। साड़ी के व्यापारी के पास स्टॉक काफी जमा हो गया है। व्यापारी साड़ी का माल कम-ज्यादा करके बेचने को तैयार है, लेकिन ग्राहकी के अभाव में बिक नही रहा है। सूटिंग-शर्टिंग में भी होलसेल व्यापारी धीरे-धीरे काम बंद कर चुके है सिर्फ मिल बुकिंग का काम ही कर रहे हैं। दुकान पर स्टॉक नही रख रहे है। सूटिंग्स में काफी हालात कमजोर बने हुए है। मेचिंग्स के व्यापारी भी अब फैंसी ब्लाउज बेच रहे हैं। कारण की पोपलीन का माल सिर्फ गाँवों की ओर बिक रहा है। शहर में मेचिंग्स की दुकान धीरे-धीरे रेडीमेड की ओर बढ़ रहा है। कारण की नई लेडीज सिर्फ सूट या कुर्ती ही पसंद कर रही है। सिर्फ शादी-विवाह में साड़ी का यूज हो रहा है। आगामी समय में साड़ी की बिक्री काफी कमजोर होने वाली है। शादी में भी भारी सूट ही बिक रहा है।

## कॉटन सूट्स की डिमाण्ड MSME का मार्केट पर असर

**पाली/ कैलाश टवानी**

पूरे भारत में चुनाव होने के कारण बाहर मण्डियों में वर्षों से अप्रैल, मई और जून में पूरे साल का व्यापार 60 प्रतिशत माल की बिक्री होती है। ये तीन माह कपड़ा व्यापारियों के लिए अच्छी सीजन रहती है लेकिन इस बार चुनाव के कारण पूरे भारत में ग्राहकी नही के बराबर चल रही है। सरकार द्वारा एमएसएमई पिछले साल लागू होने से पूरे भारत के व्यापारियों को फरवरी माह में जानकारी प्राप्त हुई। जिस कारण फरवरी से अभी तक व्यापार उभरकर नहीं आया है। जिसके चलते पिछले 4 माह से मार्केट में कोई तेजी या मंदी नहीं आयी है। जिससे कपड़ा व्यापार कम होता दिख रहा है। एमएसएमई के कारण कपड़ा व्यापारियों की जैसे कमर तोड़ दी हो। व्यापार छुटपुट चल रहा है। ग्राहकी न के बराबर है। यहां तैयार माल को नुकसान में बेच रहे है। जिससे पेमेंट में आगे तकलीफ न हो। फेक्ट्री चलाने हेतु रोज माल चाहिए। जॉब करने वाली फेक्ट्रियों में अब प्रोग्राम भी नही है। फेक्ट्रियां प्रॉडक्शन न होने के कारण फिलहाल बंद कर रहे हैं। जॉब करने वाले डाईंग की रेट कम रहे है। करीब 40 से 50 प्रति थान डाईंग की रेट कम की है।

**कॉटन सूट्स की डिमाण्ड**- अभी रूबिया, अस्तर, साड़ियों में बिल्कुल डिमाण्ड नहीं है। सिर्फ अभी सूट की ग्राहकी अच्छी बताई जा रही है। गर्मी के कारण पाली में निर्मित कॉटन सूट्स की डिमाण्ड मण्डियों में बनी हुई है। सूट्स का चलन अब पूरे भारत में सभी जगह चल रहा है। कॉटन साड़ियों की जगह सूट खूब बिक रहे हैं। कॉटन साड़ी अब सीमित क्षेत्र में ही चल रही है।





# सूटिंग-शर्टिंग और यूनिफॉर्म की हलचल तेज

**रेवाड़ी / जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में इस समय यूनिफॉर्म का कपड़ा बिक रहा है। उसमें सभी जगहों से ऑर्डर आ रहे हैं। स्कूल ड्रेस प्राइवेट स्कूलों में सप्लाई देने लग गए है। यदुवंशी वस्त्रालय के यहां विभिन्न स्कूलों के ड्रेस के कपड़े अच्छे बिक रहे हैं। भीलवाड़ा व बॉम्बे से सूटिंग-शर्टिंग की बुकिंग अच्छी हो रही है। खालसा ट्रेडिंग कंपनी के श्रीमान् पट्टू जी के यहां विभिन्न स्कूलों के ड्रेस का कपड़ा अच्छा बिक रहा है। बालाजी साड़ी शोरुम के यहां साड़ियों की ग्राहकी अच्छी हो रही है। जैसे - साड़ी प्रिंट, जरी एवं लहंगा, चुन्नी की डिमांड अभी अच्छी चल रही है। F-G बॉम्बे फैशन के यहां सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, पोपलीन तथा ड्रेसो का कपड़ा अच्छा बिक रहा है तथा प्राईमरा सूटिंग का कपड़ा जैसे -पालमर्स, ज्फायर, सिनामेटिक्स, मीडियोकर, स्कूल बॉय की बुकिंग अच्छी हो रही है। राधे मोहन एण्ड कंपनी के यहां साड़ियां का काम जोर-शोर से जैसे- 250 से 1400 रू. तक कि डिमाण्ड ज्यादा हो रही है। पेंट-शर्ट मिक्समैच के ऑर्डर अच्छे आ रहे हैं।




JAIKUMAR BATHIJA
9320046104
9820256104

(Since 1984)

ROHIT BATHIJA
9820046104
9702046104

A Trusted Name In Textiles
Bathija®
FABRICS
ISO 9001:2015 CO./ISO 14001:2015 (India)

**JAIKUMAR ARJANDAS**

Mfg. & Exports of: All Types of Uniforms, Plain, Toabh Fabrics

Sales Off.: Shop No. 12, 13, 15, Ground Floor, Kakad Market 306, Kalbadevi Road, Mumbai - 02, Tel: 022-2240026104/ 22016987 / 9819323009
Website: www.bathijafabrics.com |Email: bathijafabrics@yahoo.com

Corp.: H. No. 1058, Gala No. 201 to 206, 2nd Floor, Bldg. No. 1, Nav Durga Compound, Val. Village, Opp. Radha Krishna Hotel, Bhiwandi- 421302
Email: jaikumar@bathijafabrics.com | rohit@bathijafabrics.com

# भीषण गर्मी से बाजार ठण्डा

**उदयपुर / नवीन कोठारी....** कुछ दिनों से शहर में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। कई वर्षों पश्चात तापमान 43 डिग्री से ऊपर चला गया। लोगों का घरों से निकलना बहुत मुश्किल हो गया। सड़कों पर वे ही लोग दिखाई दे रहे है जो या तो नौकरी पेशा है या बहुत जरूरी जिनके कोई काम है अन्यथा सड़के एकदम खाली नजर आ रही है। लू के थेपेड़ों से लोग दिनभर परेशान रहने लगे हैं। शहर के अधिकांश वस्त्र प्रतिष्ठानों पर सिर्फ दुकान मालिक या कर्मचारी नजर आते है, ग्राहक नही। अभी ना तो कोई विवाह मुहूर्त है और ना ही कोई अन्य प्रकार की सीजन है ऊपर से गर्म हवा के थेपेड़े और चिलचिलाती धूप। ऐसे में लोग वस्त्र खरीदने की सोच भी नहीं सकते। स्थानीय प्रशासन ने शहर के चौराहों पर टेंट लगाकर और जगह-जगह प्याऊ के माध्यम से राहत दिलाने का कार्य किया है। धूप के प्रकोप से बचाव के लिए लोग अपने चेहरे और शरीर को ढ़ककर बाहर निकल रहे हैं। वस्त्र बाजार में अधिकांश विक्रेता ए.सी. या कूलर की हवा में दिनभर सुस्ताकर समय व्यतीत कर रहे हैं। जानकारों की माने तो अभी गर्मी का प्रकोप भी लोग झेल रहे हैं, इसके बाद जून के प्रथम सप्ताह से गर्मी में राहत मिलने की सम्भावना है तभी बाजार में पूछ-परख का दौर चलेगा।









## सम्पूर्ण सूटिंग रेंज के साथ एक्सपोर्ट, यूनिफॉर्म एवं आगामी त्योहारी सीजन पर विशेष फोकस

# अजेरो इन्टरनेशनल



**भीलवाड़ा/** फैंसी सूटिंग से व्यापार की शुरुआत करने वाली कम्पनी अजेरो इंटरनेशनल द्वारा क्वालिटी एवं फिनिश पर विशेष ध्यान देते हुए आज भारत सहित विदेशी मण्डियों में अपना मजबूत सेल्स नेटवर्क बनाए हुए है। कम्पनी के ब्राण्ड अजेरो इटालिया के अंतर्गत शुरुआत से ही क्वालिटी पर फोकस करते हुए बेस्ट यार्न एवं परफेक्ट फिनिश के साथ उम्दा क्वालिटी का फैब्रिक वाजिब दाम पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

भारत के तापमान को देखते हुए सभी को एक आरामदायक एवं सुरक्षित फैब्रिक उपलब्ध करना हमारा एक मुख्य ध्येय है यहाँ करीब 35 डिग्री तापमान बना रहता है एवं गर्मियों में 45 से 48 डिग्री तक चला जाता है हमारी जरूरतों को देखते हुए ऐसा कपड़ा बनाते है जो पूर्ण रूप से PV हो एवं डाइंग भी किसी उच्च श्रेणी के डाइंग हॉउस में हो ताकि उनमें यूज केमिकल के द्वारा कोई भी नुकसान नहीं पहुंचे, एवं कपड़ा पसीने को सोखे, आरामदायक एवं टिकाऊ रहे।

श्री मुकुट नुवाल ने बताया कि कम्पनी द्वारा फैंसी सूटिंग के साथ-साथ यूनिफॉर्म फैब्रिक, जोड़ी पैकिंग का बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। हमारा मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को वाजिब दाम पर बेस्ट प्रॉडक्ट उपलब्ध कराना है साथ ही ग्राहकों की जरुरत के हिसाब से हर प्रकार की फैब्रिक प्रोग्राम बैस पर उत्पादित कर बाजार में सप्लाई की जा रही है।




### फैंसी सूटिंग

श्री नुवाल ने बताया कि आज हमारे द्वारा फैंसी सूटिंग में बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है। जिसमें 2/18, 2/30 प्रिंट, डाइड ट्विल, 2/40, 2/40 लाइक्रा, 2/30 डाइड , 2/30 लाइक्रा, 2/20, 2/24, 2/15, 4 WAY लाइक्रा, कॉटन विस्कोस,कॉटन विस्कोस लाइक्रा, प्लेन एवं चेक्स ट्वीड, ब्लेक में लाइक्रा एवं नॉन लाइक्रा में अनेक क्वालिटियां अलग-अलग कलर चार्ट में हमेशा उपलब्ध रहती है। कम्पनी वाजिब दाम पर डीएमएस एवं पॉलीस्टर रेंज का उत्पादन अपने डीलर्स की जरूरत को ध्यान में रखकर उत्पादित करने का विचार करेगी।

### यूनिफॉर्म फैब्रिक

आज हमारे द्वारा यूनिफॉर्म फैब्रिक हर सेक्टर के लिए उत्पादित की जा रही है। जिसमें स्कूल, कॉर्पोरेट, होटल, हॉस्पिटल, इण्डस्ट्रीज, पुलिस, हाउस किपिंग आदि सेक्टर की यूनिफॉर्म का बड़े पैमाने उत्पादन कर बाजार सप्लाई की जाती है। यूनिफॉर्म फैब्रिक में कुछ क्वलिटियां जैसे 2/30-2/30 ट्रॉविन (ड्रेसकोड), पॉलिएस्टर ट्राविन (स्कूल टाईम), 2/18 मेटी (पावरप्लस), 2/30 डाइड ट्राविन (यूनिकिड्स), 2/30 लाइक्रा (यूनिकॉन लाइक्रा), 4 WAY लाइक्रा (यूनिसेक्स लाइक्रा), गेबरडीन (कॉटन प्लस), गेबरडीन लाइक्रा (ऐडीन लाइक्रा) रेगुलर रेंज आज बाजार में नाम के साथ बिक रही है। इसके अलावा कंपनी द्वारा यूनिफॉर्म फैब्रिक में बड़े पैमाने पर ताशा (सुपर ताशा), डाइड ट्विल (किड्सवूल), सर्च (वूलफिनो) में प्रोग्राम बेस की वर्किंग भी की जा रही है।

### जोड़ी पैकिंग

श्री नुवाल ने बताया आज त्योहारों एवं वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए जोड़ी पैकिंग का क्रेज दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। आज हमारे द्वारा जोड़ी पैकिंग में सेलीब्रेशन, शगुन, बंधन, ट्रम्प कार्ड जैसी पैकिंग बाजार में नाम से उपलब्ध करा रहे है एवं आगामी सीजन में इन रेंज को और भी बढ़ाने का कार्य किया जायेगा ताकि हमारे डीलर्स की सभी जरूरतों को पूर्ण किया जा सके एवं उन्हें एक ब्रांड में सभी कुछ देने का प्रयास है। इन पैकिंग में हमारे द्वारा क्वालिटीयुक्त फैब्रिक की पैकिंग तैयार की जाती है, जो सभी डीलर्स पसंद आती है।

### मुख्य उद्देश्य

आज कंपनी द्वारा फैंसी सूटिंग, यूनिफॉर्म फैब्रिक, जोड़ी पैकिंग एवं डीएमएस, पॉलीस्टर की रेंज की सम्पूर्ण रेंज एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है, ताकि ग्राहकों को हम एक सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध करा सके, जिससे हमारा डीलर नेटवर्क और भी मजबूत हो सके।


AZZERO ITALIA
Fashion Being With Us

**AZZERO INTERNATIONAL**
G-30, Bapu Nagar, Pur Road, Bhilwara- 311001 (Raj.)
Ph.: 01482-351444 | Mob +91 96029-55000
Email: azzerointernational@gmail.com, info@azzero.in
Web: www.azzero.in | Follow us on


# भारत मर्चेंट चेंबर और बना विश्वासी, आयुष्मान भारत स्कीम के भी गिनाए फायदे

**मुंबई/ आर बी सिंह**

कपड़ा व्यापारीजनों और उससे सम्बंध रखने वाले सभी वर्गों का सदैव हितैषी और सहयोगी भारत मर्चेंट चेम्बर्स जो अनेक वर्षों से समय-समय पर अपनी सेवाओं से काफी लोकप्रिय बनता जा रहा है। उसी क्रम में गत महीने 31 मई को शाम 5 बजे कालबादेवी स्थित भारत मर्चेंट चेम्बर्स भवन पर जोगिलाल पोद्दार सभागृह में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए थे, जिसमें अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार कि तरफ से उक्त कपड़ा व्यापार से ताल्लुक रखने वाले गरीब और जरूरतमंद बच्चों को तकरीबन 10 हजार नोटबुक वितरण की बातें कही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के चीफ कमिटी पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश शेट्टी तथा सोलापुर विधानसभा के भूतपूर्व विधायक श्री नरसिंग मेंगजी

**कपड़ा बाजार के गरीब बच्चों को निःशुल्क नोटबुक**




का भी आगमन हुआ। इस अवसर पर डॉ. शेट्टी का कहना था कि, आयुष्मान भारत स्कीम का दायरा सरकार बढ़ाने जा रही है। सरकार इस बात का प्रयास कर रही है कि इस स्कीम में और अधिक बीमारियों का इलाज हो सके व प्रति बीमारी अधिक धन राशि हॉस्पिटल को इलाज के लिए मिले। जिससे बड़े-बड़े हॉस्पिटल को भी इस स्कीम के दायरे में लाया जा सके। यह घोषणा आयुष्मान भारत महाराष्ट्र के चीफ डॉ ओमप्रकाश शेटे ने भारत मर्चेंट्स चेंबर द्वारा आयोजित कपड़ा बाजार के माथाडी एवं गुमाश्ता परिवार के गरीब बच्चो को निःशुल्क नोट बुक वितरण के कार्यक्रम के दरम्यान में कही। इसी कार्यक्रम में यह भी जानकारी मिली कि चेंबर द्वारा करीब दस हज़ार निशुल्क नोट बुक, गरीब विद्यार्थी जनों के लिए वितरित की जाएगी। इससे पहले चेंबर अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार ने आयुष्मान भारत स्कीम को गरीबो के इलाज में मील का पत्थर बताया तथा उन्होंने यह भी कहा कि इसमें काफ़ी सुधार की ज़रूरत है। जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बिना किसी दिक्कत के सभी बीमारियों का इलाज शहर के सभी बड़े-बड़े हॉस्पिटल में भी कराने की सुविधा मिले।

डॉ शेटे ने कहा कि महाराष्ट्र देश का पहला ऐसा राज्य है जहाँ इस तरह के इलाज की निःशुल्क स्कीम चालू की गई है। इस अवसर पर सोलापुर के पूर्व रूरू विधायक श्री नरसिंग मेंगजी, एडवोकेट श्री राकेश जैन, भारत मर्चेंट चेम्बर्स के सम्माननीय सचिव मंत्री श्री अजय सिंघानिया, श्री नवीन बगड़िया, कोषाध्यक्ष श्री विष्णु केडिया, ट्रस्टी श्री राजीव सिंगल, श्री विजय लोहिया, श्री दीपक बुबना, श्री प्रदीप बुबना, श्री महेंद्र सोनावत, श्री पवन मित्तल, श्री प्रदीप जैन आदि के साथ-साथ कपड़ा बाजार से संबंध रखने वाले अधिकांश नामचीन व्यापारीजन भी उपस्थित रहे।


## लहंगा चोली, क्रॉप टॉप और लॉन्ग फ्रॉक के निर्माता SHREE TULSI DRESSES

# उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत तक पसारे पाँव



**कोलकाता**

महानगर के मटिया बुर्ज इलाका वाला बारतालह्ला स्थित मेरी रोड़ के समीप तकरीबन 28 वर्षों पहले लेडीज वियर का कपड़ों का कारोबार शुरू करने वाले श्री तुलसी ड्रेसेस के संचालक श्री उप्पाला तुलसी राव अपने प्रॉडक्ट को इस तरह रफ्तार पकड़ा दिए हैं जिसकी डिमांड देश के कोने-कोने





से अब होने लगी है।

गौरतलब है कि लेडीज वियर के अंतर्गत आने वाले बच्चों और बड़ो के हर तरह के डिजाइनदार और टिकाऊ कपड़ा साईज 20 से लेकर 42 तक सदैव इनके यहां काफी मात्राओं में उपलब्ध रहते हैं, क्योंकि अब एक ही छत के नीचे इन्होंने वह काजबटन, सुई धागों से लेकर कुशल कारीगरजनों, कटिंग कारीगरजनों आदि सबकी सुविधाएं मुस्तैदी के साथ दे रखे हैं। जिस कारण इनके प्रॉडक्ट का भाव और वाजिब दर सबको रास आने लगा है। जिसका आलम यह है कि अब तक इनका प्रॉडक्ट बिहार और उत्तरप्रदेश के होलसेल व्यापारीजनों और आढ़तियों के पास काफी मात्रा में जाते रहता था। अब तो उसकी डिमांड साऊथ से भी अधिक आने लगी है। ज्ञातव्य हो कि, श्री तुलसी राव के पैतृक गांव का संबंध दक्षिण भारत के ही विशाखापटट्नम से है फिर भी पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के अलावा अब तक उत्तरप्रदेश के काफी व्यापारीजन उनके इस प्रतिष्ठान के प्रॉडक्ट्स और गुणवत्ता पर भरोसा कर उनके कारोबार को ऊँचाई पर ले जाने हेतु जो सहयोगी बने और प्रेरित किए उसका ही नतीजा है कि 28 वर्ष पहले कोलकाता के एक छोटे से कमरे में अपना कारोबार शुरू किए थे। उसका अपना एक खुद का श्री तुलसी ड्रेसेस नाम से एक शोरूम भी है। जिसमें तकरीबन सैंकड़ों कारीगरजनों को रोजगार भी मिला है और वे सभी पूरे लगन, मेहनत और निष्ठा के साथ काम करते हैं, जिस कारण इनके प्रॉडक्ट काफी फैशनदार, सस्ते और टिकाऊ भी होते हैं। बातचीत के दरम्यान श्री राव ने बताया कि, अब तक तो हमारे प्रॉडक्टो की सराहनाएं उत्तर भारत के व्यापारीजनों से खूब मिली और मिल भी रही है। अब हमारा रूख दक्षिण भारत के इरोड, त्रिचूर, सलेम, केरल और विजयवाड़ा आदि तरफ भी हो चुका है, जिस सिलसिले में मैंने दक्षिण भारत में लगने वाले काफी एक्जीबिशंस को भी अटेंड करता हूँ, जिस कारण उस तरफ से भी काफी बड़े-बड़े ऑर्डर हमारे पास आने लगे हैं।


www.sparshfab.com
Sparsh-Fab®
UNIFORM FABRIC
TRUSTED SINCE 25 YEARS
पेश है
3X COOL™
एक ऐसी टेक्नोलॉजी जो रखे पहनने वालों को कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।
एक ऐसा फैब्रिक जो सोखे पसीना 10 सेकण्ड्स में, दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त
एंटी स्टेटिक
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह
सॉइल रिलीज
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचनबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान 33 अंश होता है ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एंड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते हैं, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है 3X COOL. यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है, इस कपड़े में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्त ा को चुभन से राहत मिलती है, वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है।
स्पर्श का यह कपड़ा चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे साथी व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें। नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो, नववर्ष की शुभकामनाएँ।
चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्कः
98202 07953/ 74200 24089


D.BADAMI
Digital Collection 2024-25 | Exclusive men shirting fabrics
For trade/corporate inquiries: info@dbadami.com
group.dbadami.com
A unit of Dhingar Silk Mills. Since 1961.
Instagram @dbadamiofficial
Mumbai, India


J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

## सम्पादकीय....

# नई सरकार को बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर ध्यान देने की आवश्कता

**झुलसाती** गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। बड़ी-बड़ी रैलियों, रोड शो और जनसंपर्क कार्यक्रमों में मतदाताओं की उपस्थिति भारतीय लोकतंत्र के उज्ज्वल भविष्य को ही दर्शाती है। बेहतर होता कि बेहद जटिल मौसमी परिस्थितियों में यह चुनाव कार्यक्रम इतना लंबा न होता। छिटपुट हिंसा घटनाओं को छोड़कर कमोबेश यह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लेकिन हमें स्वीकार करना होगा कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में आज भी चुनाव प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है, जिसका श्रेय निश्चित रूप से वर्षों से सक्रिय चुनाव आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। शांतिपूर्ण मतदान से मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बढ़ता है। भारत को यूं ही दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र नहीं कहा जाता। हमारी 18वीं लोकसभा के लिये संपन्न चुनाव में विश्व का सबसे बड़ा मतदाता वर्ग सक्रिय रहा। देशभर में कुल 96 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत रहे। इतने बड़े मतदाता वर्ग के लिये सुगम मतदान की व्यवस्था करना निश्चित ही चुनौतीपूर्ण कार्य था। लेकिन एक बात तय है कि 19 अप्रैल को शुरू हुए पहले चरण के मतदान से शनिवार को संपन्न सातवें व अंतिम चरण के मतदान कार्यक्रम को यदि कुछ सप्ताह कम किया जाता तो मई के अंत की भीषण गर्मी से मतदाताओं को दो-चार न होना पड़ता। कई राज्यों से चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के लू से मरने की विचलित करने वाली खबरें भी आईं। वहीं लंबी चुनावी प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता लंबे समय तक लागू रहने से विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं।

बहरहाल, चुनाव कार्यक्रम निर्धारण को केंद्र में सत्तारूढ़ दल की प्राथमिकता भी प्रभावित करती है तो वहीं कानून-व्यवस्था व कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी चुनाव कार्यक्रम को लंबा बनाती हैं। वहीं विश्वसनीयता खोते राजनेता तथा नकारात्मक चुनाव प्रचार भी मतदाताओं की चुनावों में दिलचस्पी को कम कर देता है। लेकिन इसके बावजूद हालिया तूफान से प्रभावित पश्चिम बंगाल से लेकर हिमाचल के दुर्गम इलाकों लाहौल-स्पीति तक में मतदाताओं ने उत्साह से चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। इस बार के चुनाव में एक सकारात्मक पक्ष यह भी दिखा कि वयोवृद्ध व अशक्त लोगों को घर से मतदान करने का अवसर मिला। चुनाव ड्यूटी में लगे करोड़ों कर्मचारियों का डाक से अपना मतदान करने का उत्साह भी लोकतंत्र की खूबसूरती को ही दर्शाता है। अभी भी मतदान प्रक्रिया को और अधिक मतदाताओं के अनुकूल बनाने की जरूरत है। साथ ही राजनेताओं का दायित्व भी बनता है कि उनकी रीतियों-नीतियों का असर हकीकत में भी नजर आए। अन्यथा मतदाताओं का मोहभंग होते देर न लगेगी। शांतिपूर्ण ढंग से सत्ता का हस्तांतरण भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है। इसके लिए समय-समय पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठने वाले सवालों व शंकाओं का समाधान भी जरूरी है। बहरहाल, चार जून को जनादेश का परिणाम देश के सामने आ चुका है। आगामी नयी सरकार को बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर ध्यान देने की आवश्कता है। देश में आर्थिक असमानता का दायरा सिमटना चाहिए। यदि देश की विकास दर लगातार बढ़ रही है तो उसकी समृद्धि समाज के अंतिम व्यक्ति के घर में भी नजर आनी चाहिए।



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

## कुछ नया, कुछ अलग •

# हमें जागना होगा, हमारे शीतल भविष्य के लिए पेड़ लगाना होगा

इस साल पूरे देश ने अभूतपूर्व गर्मियां महसूस की है। जो भी बात करता है, सुनने में आता है कि ऐसी गर्मी हमने अपनी पूरी जिंदगी में नहीं देखी। आश्चर्य यह है कि ये बात करने वाले सीनियर व्यक्ति की पूरी जिंदगी बिना एयर कंडीशनर के गुज़री है। ऐसी कौन सी सहूलियत थी जो उन्हें गर्मी के प्रकोप से बचाती थी? जवाब है - पेड़। जी हां, पुरखों के बोये हुए पेड़ ही उनको सूरज की तपीश से बचाते थे। आज हम पेड़ की जगह एयर कंडीशनर को प्राथमिकता देने लगे है। जंगलो को खत्म करते जा रहे है और सीमेंट के जंगलों को बढ़ावा दे रहे है। याद रखे कि जब हम जंगलों को नष्ट करते हैं, तो हम जीवन के मूल ढांचे को नष्ट कर रहे होते हैं।

दुनिया के जंगलों को खतरनाक दर से साफ किया जा रहा है, जिसका हम सभी पर विनाशकारी परिणाम हो सकता हैं। जब हम पेड़ों को काटते हैं, तो हम केवल पौधों को नहीं हटा रहे होते हैं - हम जीवन के जटिल जाल को नष्ट कर रहे होते हैं जो हम सभी को जीवित रखता है।

पेड़ पृथ्वी के फेफड़े हैं, उनकी गहरी जड़ें मिट्टी को स्थिर करती हैं, कटाव और भूस्खलन को रोकती हैं। वन वर्षा पैटर्न को भी नियंत्रित करते हैं, तापमान को नियंत्रित करते हैं, और लाखों पौधों और जानवरों की प्रजातियों के लिए आवास प्रदान करते हैं। हम एक जीवंतता को नष्ट कर रहे है। वनों की कटाई करके हम धरती का हृदय चिर रहे है।

इन वनों की कटाई का अधिकांश हिस्सा अल्पकालिक आर्थिक हितों से प्रेरित है - कृषि के लिए भूमि को साफ करना, प्राकृतिक संसाधनों को निकालना या शहरी क्षेत्रों का विस्तार और विकास करना है। लेकिन इन गतिविधियों के लिए हम जो कीमत चुकाते हैं, वह विनाशकारी है। मैंने कही पर पढ़ा था की पृथ्वी का दोहन करना हमारा काम नहीं है, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ीयों के लिए संरक्षित और सुरक्षित करना है। जब हम जंगल काटते है तो हम वर्तमान को बचाने के लिए हमारे भविष्य को नष्ट कर रहे होते है। भविष्य को बचाना तभी संभव है जब हम हमारी पीढ़ी को पेड़ का महत्त्व बताएंगे और पर्यावरण से प्यार करना सिखाएंगे। हम जल्दी ही उस स्थिति पर पहुंच रहे हैं जहां से वापसी संभव नहीं है, जहां वनों की कटाई से होने वाला नुकसान अपरिवर्तनीय हो सकता है लेकिन दिशा बदलने में अभी भी देर नहीं हुई है। एक-एक व्यक्ति अगर वृक्षारोपण करें तो फिर से हमारी पृथ्वी हरी-भरी होंगी और हमारा प्राकृतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा।

बात थोड़ी वैज्ञानिक है, लेकिन मैंने अभी-अभी अनुभूति की है। मेरे नए वीक एण्ड होम के आगे मैने कुछ साल पहले एक गुलमोहर का पेड़ लगवाया। इस साल तो वो छांव देने जैसा बड़ा हो गया है। उसकी छांव में मेरी पोतियां वेकेशन की छुट्टियों में खेलती है। पूरा एरिया पंछियों की चहचहाहट से सभर हो गया है। घर में उतनी धूप नहीं आती जो मजबूर करे एयर कंडीशनर के रिमोट कंट्रोल को छूने के लिए। आप भी सोचना... एक पेड़ लगाना... दिल को अच्छा लगेगा। जावेद अख्तर साहब की एक बहुत ही सुंदर कविता आपके साथ साझा करके आज के शब्दों को विराम देता हूँ।

मेरे रस्ते में इक मोड़ था
और उस मोड़ पर
पेड़ था एक बरगद का
ऊँचा घना
जिस के साँए में मेरा बहुत वक्त बीता है
लेकिन हमेशा यही मैं ने सोचा
कि रस्ते में ये मोड़ ही इसलिए है
कि ये पेड़ है
उम्र की आँधियों में
वो पेड़ एक दिन गिर गया है
मोड़ लेकिन है अब तक वहीं का वहीं
मेरे रस्ते में इक मोड़ था
और उस मोड़ पर
पेड़ था एक बरगद का
ऊँचा घना
जिस के साएँ में मेरा बहुत वक्त बीता है
लेकिन हमेशा यही मैं ने सोचा
कि रस्ते में ये मोड़ ही इसलिए है
कि ये पेड़ है
उम्र की आँधियों में
वो पेड़ एक दिन गिर गया है
मोड़ लेकिन है अब तक वहीं का वहीं
देखता हूँ तो
आगे भी रस्ते में
बस मोड़ ही मोड़ हैं
पेड़ कोई नहीं
रास्तों में मुझे यूँ तो मिल जाते हैं मेहरबाँ
फिर भी हर मोड़ पर
पूछता है ये दिल
वो जो इक छाँव थी
खो गई है कहाँ

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# प्रसिद्ध कपड़ा एजेंट श्री के. के. अग्रवाल (गुड्डु भाई) एवं परिवार के साथ श्री दुर्गा सप्त चंडी यज्ञ हुआ संपन्न

**हैदराबाद**

सनराइज वैली स्थित विला नंबर 107 में श्यामलाल कृष्ण कुमार अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित 5 दिवसीय श्री दुर्गा सप्त चंडी अनुष्ठान की पूर्णाहुति पंडित पुरुषोत्तम लाला महाराज के आचार्यत्व में पंडित विशेष शर्मा, पंडित आशीष शर्मा द्वारा करायी गयी। पाठ की पूर्णाहुति पर हवन का आयोजन कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता माधवीलता, श्यामलाल अग्रवाल, सरोज देवी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विकास, ऋषभ, देविका, सरिता गर्ग, शेष कुमार गोयल, योगेश जैन, गिरधारी लाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, ललित अग्रवाल, कमल अग्रवाल, हरीश जैन, हरीश मोदी, आनंद अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, रितु जैन व अन्य उपस्थित थे।





# भीषण गर्मी का असर, व्यापार ठंडा

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ रही है, त्यो-त्यों व्यापार हल्का होता जा रहा है। बरेली का 44 डिग्री तापमान चल रहा है, जिसका ग्राहकी पर असर पड़ा है। इस समय साहलग भी नही है, जिससे कपड़े की डिमाण्ड कमजोर है। अभी तक अपैल और मई के प्रथम सप्ताह तक अच्छी बिक्री रही तथा जून-जुलाई में बिक्री कमजोर रहने की सम्भावना है। ब्लाउज व्हाइट की अच्छी डिमाण्ड रही। इचलकरंजी के धोती जोड़ा की भी साहलग डिमाण्ड रही, परंतु अब चुनाव के कारण थोड़ी बिक्री कमजोर हो गई। फेरी करने वाले भी परेशान है, क्योंकि गर्मी के कारण ग्राहक घर से बाहर नही निकल रहा है। कई फेरी वाले तो यह कह रहे है कि आजकल बोहनी कर ले तो बहुत अच्छा है। इस समय लेडीज सूट की भी डिमांड कमजोर चल रही है, लेकिन साड़ी से अच्छी बिक्री है।

## श्रद्धांजलि

।।ॐ शांति ॐ।।



**स्व. श्रीमती राधा देवी चाण्डक**

पुत्र (श्री ब्रजेश चाण्डक- संवाददाता टेक्सटाइल वर्ल्ड )
श्री राकेश चाण्डक एवं श्री अम्रीष चाण्डक

(स्वर्गवास: 29-5-2024)

प्रतिष्ठान- श्रीचाण्डक बद्रर्स, गोडाउन स्ट्रीट, चेन्नई
पैतृक निवास- सहारनपुर, उत्तरप्रदेश
मो. 7418688551, 9444467705

श्रद्धावनत
**योगेन्द्र शर्मा (संपादक)**
एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार, (भीलवाड़ा)

# ईस्टर्न इण्डिया गारमेण्ट मैन्युफेक्चरर्स एण्ड एक्सपोर्ट्स फेडरेशन द्वारा

## कोलकाता फेस्टिव फेयर के 29वें संस्करण का 1 से 3 जुलाई को भव्य आयोजन





**कोलकाता**

EIGMEF (ईस्टर्न इण्डिया गारमेण्ट मैन्युफेक्चरर्स एण्ड एक्सपोर्ट्स फेडरेशन) द्वारा देश के मुख्य एवं अग्रणी गारमेण्ट उत्पादन के केंद्र कोलकाता में 1 से 3 जुलाई को फाइव स्टार होटल JW Marriot Kolkata में भव्य 'कोलकाता फेस्टिव फेयर' का आयोजन किया जा रहा है।

फेयर के कन्वेयर **श्री किशन कुमार राठी ने बताया** कि फेडरेशन द्वारा आयोजित यह 29वां फेयर है। हर वर्ष पूजा एवं दीपावली सीजन को ध्यान में रखते हुए फेडरेशन द्वारा इस प्रकार का फेयर आयोजित किया जाता है। इस फेयर में एक ही छत के नीचे 200 से अधिक एक्जीबिटर्स अपने विभिन्न ब्राण्ड के अंतर्गत मेन्स वियर, लेडीज वियर, किड्स वियर के उत्कृष्ट उत्पादों का भव्य प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत का यह सबसे बड़ा गारमेण्ट फेयर है। पूजा एवं दीपावली सीजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित होने वाले इस गारमेण्ट फेयर में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आसाम एवं झारखण्ड इत्यादि राज्यों से लगभग 7000 रिटेलर्स विजिट करेंगे। साथ ही उनको बेहतर विकल्पों के चुनाव के साथ बुकिंग कराने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस फेयर को सफल बनाने हेतु 150 से अधिक एजेण्ट्स भी इसमें सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

# उद्योगों पर भीषण गर्मी का असर

**बालोतरा / लालचन्द पुनीत**



वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग वर्तमान में भीषण गर्मी से झुलस रहा है। औद्योगिक कार्य में आग उगलती इस गर्मी का प्रभाव पड़ रहा है, इससे उत्पादन के साथ चालानी में भी शिथिलता परिलक्षित हो रही है। चुनावी समीकरणों के प्रश्न पर उद्यमी और आम नागरिक अपने-अपने स्व-विवेक से हल कर रहे हैं। वास्तविक माजरा तो चार जून को ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, जिसके जिस रंग का चश्मा पहना है, उसको उस रंग के अलावा कुछ दिखता ही नही है। तेज गर्मी असहज लग रही है, जिसके कारण मजदूर काम पर आने से परहेज करते लग रहे हैं। श्रमिकों को यहां मिलने वाला वेतन अन्य उत्पादक स्थलों से अधिक मिलता है। इस कारण यहां बाहरी श्रमिकों का जमघट है। यूपी के मजदूरों को वहीं कार्य मिलने के फलस्वरुप उनमें से अधिकांश मजदूर वापस लौटकर न आने से श्रमिकों की कमी बढ़ रही है। क्षेत्र के लोकल मजदूर भी काम पर आने में विलम्ब कर रहे हैं, इससे माल लाने ले जाने के लिए इनकी कमी का खामियाजा उठाने को मजबूर है। हो सकता है, चुनाव परिणामों के बाद इस दुविधा में सुधार के संकेत मिल सकते हैं।

**नाइटी क्लॉथ की तेजी** - देशभर में यहां का नाइटी क्लॉथ निरन्तर स्थानीय पोपलीन के मुकाबले में वृद्धि का स्पष्ट संकेत दे रहा है। पोपलीन, रूबिया, रोटो, कैशमेन्ट, रेयॉन, फॉल बन्धेज आदि का उठाव सामान्य बना हुआ है। वैवाहिक कार्यक्रम तो नही है, परंतु धार्मिक कार्यक्रमों की कमी नही होने से चहल-पहल का माहौल रहता है। साधु संतों का आवागमन धार्मिक आस्था को पुष्ट करता प्रतीत होता है। सेवाभावी संस्थाओं के साथ जन प्रतिनिधि परिंडा लगाने, जल व्यवस्था करने, मूक पशुओं को सुविधाएं प्रदान करने, हीटवेव ग्रसित लोगों की सहायता करने में सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। मानवता के उद्देश्य से कई संस्थाएं अभिनव योगदान प्रदान कर रही है। ऐसे सेवाभावी व्यक्ति व सम्मान के लिए आतुर नहीं है तथापि उनका अभिनन्दन प्रेरक ज्योति जगाने के लिए होना चाहिए। कुशल उद्यमी, प्रशासन व अन्यों को इस दृष्टि से जागरूकता प्रतिपादित करनी चाहिए, इनमें विधायक चौधरी, महावीर इन्टरनेशनल, लॉयन्स क्लब, रोटरी क्लब, नगर परिषद्, श्री कृष्णा सेवा संस्थान, सदृश अनेक समितियां, संस्थान लू के भारी थपेड़ों को सहकर भी सेवा की मशाल थामे हुए हैं, जो अभिनन्दनीय है। ग्रे मार्केट में अभी तेजी का बोलबाला नहीं है, परंतु कॉटन व यार्न के भावों में तेजी निकट भविष्य में ग्रे-क्लॉथ में भारी तेजी की सम्भावना बनी हुई है। परिणामतः ऑफरों की कमी नही है, किंतु उत्पादन की कमी से चालानी भी खुलकर नही हो रही है। बालोतरा अरबन बैंक ने उनके संचालक श्री महेन्द्र वैद मेहता को तेरापंथ सभा के निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत होने पर अभिनन्दन किया गया।

पृष्ठ 1 का शेष

## अमेरिका में अधिक...

व्यापारियों के अनुसार अमेरिका में फसल की अच्छी स्थिति को देखते हुए बिकवाली का दबाव बना हुआ। अमेरिका में फसल की स्थिति में लगातार सुधार होने का अनुमान है। व्यापारियों का कहना है कि अमेरिका से चीन को निर्यात में कमी की आशंका है।

**भारत से निर्यात...**जानकारों का कहना है कि न्यूयार्क में कॉटन के भाव में गिरावट के बाद भारत से इसका निर्यात प्रभावित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि न्यूयॉर्क में कॉटन के भाव ऊँचे होने के कारण चालू कॉटन वर्ष (अक्टूबर 2023-सितम्बर 2024) के दौरान अप्रैल अंत तक देश से 20.50 लाख गांठ कॉटन (प्रति गांठ 170 किलो) का निर्यात किया जा चुका था। गत वर्ष की तुलना में यह निर्यात लगभग 80 प्रतिशत अधिक था। जानकारों का कहना है कि पूरे सीजन में भारत से कॉटन का निर्यात 22 लाख गांठ होने का अनुमान है। व्यापारियों का कहना है कि अब भारत से कॉटन का निर्यात लाभकारी नजर नहीं आ रहा है।

## गारमेण्ट में कारोबार धीमा

# बढ़े स्टॉक को बेचने पर सभी का जोर

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेण्ट में कारोबार अभी भी नीरस है और ग्राहकी का अभाव है। हीटवेव एवं चुनाव होने के कारण इस सीजन में धंधा कसौटी पर खरा नहीं उतरा। गारमेण्ट में रिटेल कारोबार अप्रैल और मई महीने के दौरान अच्छा नहीं रहा है। इस कारण बड़े ब्रांडों से लेकर छोटी रिटेल दुकानों में अनसोल्ड स्टॉक की भरमार है। इसलिए ब्रांडों की ऑफ सीजन सेल जो 15 जून से शुरू होती थी,पिछली बार की तरह इस बार भी जल्दी शुरू हो गई है। रोचक बात यह है कि गारमेण्ट रिटेल में संगठित क्षेत्र के बड़े ब्रांड से लेकर विदेशी फैशनेबल गारमेण्ट की बिक्री करने वाले स्टोरों में भी इसी तरह का ट्रेंड दिखाई दे रहा है। हर जगह सेल बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। गारमेण्ट इकाइयों की तैयारी अब विंटर आइटम कलेक्शन पर है। ग्राहकी अच्छी नहीं चलने से रिटेलर्स स्टॉक से परेशान है। गारमेण्ट उत्पादक हाल सेम्पल की तैयारी में है। बहुत जल्दी इन सेम्पलों को उन क्षेत्रों में भेंजा जाएगा, जहां से गारमेण्ट इकाईयों को आगे विंटर एवं त्योहारी सीजन के लिए ऑर्डर मिलने है। उत्तर भारत में विंटर सीजन की बुकिंग और देश के अन्य हिस्सों में फेस्टिव सीजन की बुकिंग की जानी है। जुलाई महीने में होने जा रहे नेशनल गारमेण्ट फेयर से गारमेण्ट को बड़ी उम्मीदें है। गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन धीमा है। गारमेण्ट कपड़ों की मांग साधारण है। फैशनलक्षी कपड़ा बनाने वालों के पास ही कुछ कारोबार है। नीट्स का कारोबार पहले हर वर्ष 15 से 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा था। इन दिनों इसकी गति धीमी पड़ गई है। शॉर्ट स्लीव शर्ट की फैशन आने के बाद इस खंड में ठहराव आ गया है। शार्ट स्लीव शर्ट में सूती कपड़ा और पीसी का उपयोग किया जा रहा है, इसलिए नीट्स की मांग कम हो गई है। अच्छी क्वालिटी और भाव में अपेक्षाकृत सस्ता पड़ने के कारण गारमेण्ट में करीब 25 से 30 प्रतिशत प्लेन आयातित कपड़ों का उपयोग किया जा रहा है। भारत में मीडियम एवं उचित भाव रेंज में तैयार शर्टिंग का बड़ा मार्केट है। इसलिए गारमेण्ट उत्पादकों का जोर इस वर्ग की जरूरतों को पूरा करने पर है। महंगे तथा उंचे भाव का मार्केट सीमित है।

# सायझिंग एसोसिएशन का प्रदूषण नियंत्रण पर आरोप

## इचलकरंजी का सायझिंग उद्योग बंद करने की कोशिश

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

इचलकरंजी के सायझिंगधारकों को प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से बायोडायजेस्ट के लिए जगह और स्लज उठाने की अनुमति नहीं दी जाती। ऐसी भूमिका लेकर मंडल की ओर से सायझिंग उद्योग बंद करने की कोशिश की जा रही, ऐसा आरोप सायझिंग एसोसिएशन की सायझिंगधारक और प्रतिनिधियों की बैठक में किया गया। सायझिंग उद्योग से 200 से 500 लीटर बायोडायजेस्टबल होता है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आंकड़ो के अनुसार बाकी घटकों से 8.5 कोटी लीटर बायोडायजेस्ट करने वाले कारखाने है। भिवंडी, मालेगाँव में इचलकरंजी की तुलना में तीन गुना सायझिंग उद्योग होकर भी वहाँ पर प्राथमिक ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बिठाए गए है। साथ ही में वहां के पावरलूम उद्योग पर कुछ असर नहीं होता। उल्टा प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से प्लांट डस्ट कलेक्टर, चिमणी बिठाने का तय किया गया था। उसके अनुसार सायझिंगधारकों की ओर से ट्रीटमेंट प्लांट बिठाए गए है। महाराष्ट्र नियंत्रण प्रदूषण मंडल की ओर से दी गयी सूचना का पालन किया गया है। ऐसे होते हुए बायोडायजेस्ट प्लांट बिठाने का आग्रह प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से किया जा रहा है, उसका कारण समझ में नहीं आ रहा है। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से सायझिंग उद्योग बंद करने का नोटिस भेज दिया तो सायझिंग उद्योग फिर से बंद रखने की तैयारी सभी सायझिंगधारकों ने दशायी है। बैठक में श्री जयंत मराठे, श्री बंडोपंत लाड आदि उपस्थित थे।

भूल ना जाना ०४७

RISHAB WORLD



# राजा रवि वर्मा

(१८४८ - १९०६)

**राजा रवि वर्मा** शाही परिवार **परम्परानाड** से थे, जो आज **जिला मलप्पुरम** के रूप में केरल का एक जिला है। इनकी गिनती भारतीय **चित्रकारी** के इतिहास में **सर्वोत्कृष्ट चित्रकार** के रूप में होती है।

उनके कार्य **यूरोपियन एकेडमिक आर्ट** का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है, जिसमें **भारतीय संस्कृति** स्पष्ट रूप से झलकती है।

**भारतीय ग्रंथों** का **काव्यानुवाद** राजा **रवि वर्मा** की सर्वश्रेष्ठ कृतियां हैं।

इनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि **बड़ौदा के शासक गायकवाड़** ने **सयाजीराव तृतीय** का चित्र बनाने हेतु बुलाया, तो उन्होंने अपने महल में ही अपना स्टूडियो बनाने के लिये इन्हें स्थान दे दिया।

उनके **बड़ौदा** में किए गए नायाब कामों की जब **अन्य राजाओं** के पास खबर फैली, तो रियासत भावनगर पूड्डुकोट्टई, मैसूर, बिकानेर और जयपुर रियासतों ने भी उन्हें आमंत्रित किया।

ट्रावनकोर के दीवान के आग्रह पर उन्होंने लिथोग्राफिक प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना की और महाभारत, रामायण और पुराणों के कई प्रसंगों के चित्रों को उकेरा, उनमें से कुछ निम्न प्रकार हैं-

- दत्तात्रेय
- देवी काली
- देवी लक्ष्मी
देवी सरस्वती
- तिलोत्तमा
- महाराज शिवाजी
- देयर कम्स पापा

देश की कई सांस्कृतिक संस्थाएं **राजा रवि वर्मा** के नाम पर कालांतर में बनी और उनके सम्मान में उनकी 65 वीं बरसी पर 20 पैसे का **डाक टिकट** जारी किया गया, जिस पर उनके चित्र **दमयन्ती और बतख** का चित्र अंकित है।






















# अप्रैल में घटा चीन का कॉटन यार्न आयात

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

जानकारों का कहना है कि टेक्सटाइल मिलों की मांग के कारण इस वर्ष अप्रैल में चीन के कॉटन यार्न आयात में लगभग 35 प्रतिशत की गिरावट आई। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में चीन ने लगभग 1.11 लाख टन कॉटन यार्न का आयात किया, जबकि मार्च में आयात 1.70 लाख टन का किया था। जानकारों का कहना है कि चीन में कॉटन यार्न की खपत प्रमुख तौर से भाव पर निर्भर है। यदि विश्व बाजार में भाव कम हों तो मिलों को आयात बढ़ जाता है। अप्रैल में चीन ने कॉटन यार्न का आयात 2.48 डॉलर प्रतिडॉलर प्रति किलो के औसत भाव पर किया जो मार्च की तुलना में अधिक है। बहरहाल, यह मात्रा गत वर्ष अप्रैल के निर्यात के लगभग बराबर ही है। जानकारों का कहना है कि लगभग सभी देशों से कॉटन के आयात में कमी आई है। चीन ने सबसे अधिक कॉटन यार्न का आयात मार्च माह के बराबर लगभग 54,600 टन वियतनाम से किया, जबकि पाकिस्तान से आयात घट कर 11,400 टन रह गया। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान से आयात कम होने के कारण वहां के निर्यातकों द्वारा भाव में बढ़ोतरी करना रहा। उज्बेकिस्तान से भी कॉटन यार्न का आयात लगभग 12 प्रतिशत घटकर 13,700 टन रहा तथा भारत से कॉटन यार्न का आयात लगभग 11,000 टन गिरकर 13,900 टन रह गया।




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**

7 से 21 जून, 2024
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

ajmera® FASHION
"सम्मान भरी सुंदरता"

# 'अजमेरा ट्रेंड्स' ने लगाया शतक
# मनाया 100वें फ्रेंचाइजी स्टोर का जश्न

सूरत/ ''कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों'' आपकी अपनी टेक्सटाइल मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी अजमेरा फैशन ने एक बार फिर यह कहावत चरितार्थ कर दी है। अजमेरा फैशन द्वारा **''अजमेरा ट्रेंड्स''** के नाम से दी जा रही महिलाओं और बच्चों के कपड़ों की फ्रेंचाइजी ने मात्र एक साल के रिकॉर्ड समय में अपने 100 स्टोर्स पूरे कर लिए हैं। आप सभी अजमेरा ट्रेण्ड्स फ्रेंचाइजी पार्टनर्स को इस बड़ी उपलब्धि की बधाई व शुभकामनाएं, साथ ही लगातार हमारा साथ देने के लिए ह्रदय से धन्यवाद। दोस्तों, 100वें स्टोर की खुशी में हमारे ऑफिस में जश्न का माहौल था। पूरी टीम ने एक-दूसरे को बधाई दी और केक काटकर इस उपलब्धि को सेलिब्रेट किया। जबरदस्त कॉम्पीटिशन के इस युग में एक वर्ष के भीतर 100 फ्रेंचाइजी स्टोर का माइल-स्टोन पार कर पाना वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। शायद, आपको पता न हो लेकिन इस बड़ी कामयाबी के पीछे की कहानी काफी दिलचस्प है। **अजमेरा फैशन के विजनरी फाउंडर एंड सीईओ श्री अजय अजमेरा** ने कुछ सालों पहले अजमेरा ट्रेंड्स फ्रेंचाइजी को पूरे भारत में स्थापित करने का सपना देखा था। इसके लिए रिटेलर्स



के चैलेंजेज को समझना ज़रूरी था। इसलिए, अजमेरा फैशन ने करोड़ों रूपये लगाकर लखनऊ में एक-एक रिटेल स्टोर रन किया और अपने फ्रेंचाइजी मॉडल को उस अनुभव के आधार पर तैयार किया, जो ईश्वर की कृपा से सभी को काफी पसंद आ रहा है। 100वें स्टोर की उपलब्धि पर श्री अजय सर का कहना है, ''इस कामयाबी के पीछे हमारे व्यापारी भाई-बहनों और लाखों लोगों के सोशल मीडिया परिवार का प्रेम और सहयोग है। हम कभी भी दुकान में माल भेजकर संतुष्ट नहीं होते, हमें संतुष्टि तब मिलती है जब कंज्यूमर उसे पसंद करते हैं और हमारे उत्पादों से सैटिसफाइड होते हैं। दोस्तों, अजमेरा ट्रेंड्स यहीं नहीं रुकने वाला आने वाले समय में हम पूरे भारत में अजमेरा ट्रेंड्स स्टोर्स के माध्यम से जनता की सेवा करेंगे।''

**यदि आप भी हमारे बेहद सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी मॉडल में दिलचस्पी रखते हैं और एक सॉलिड बिजनेस सेटअप करने में इंटरेस्टेड हैं तो कृपया यहाँ दिए गए नंबर पर संपर्क करें :-**

**Franchisee Enquiry: +91-63521 77288**







# FABEXA-9th एडिशन अभूतपूर्व सफल

## एग्जीबिटर्स को मिला सुपर रिस्पॉन्स मिले करोड़ों के नए ऑर्डर्स

अहमदाबाद/ सत्य प्रकाश

टेक्सटाइल व्यवसायियों के सबसे पुराने संगठन 'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन' द्वारा गांधीनगर स्थित हेलीपेड एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर में 21 से 24 मई को FABEXA फैब्रिक सोर्सिंग एक्सपो के 9वें संस्करण का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन गुजरात राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। एग्जीबिशन में RMG सेक्टर में फैब्रिक सप्लाई करने वाली टेक्सटाइल कंपनीज ने चार दिन तक नए-नए फैब्रिक कलेक्शंस का आकर्षक डिस्प्ले किया। आगामी विंटर एवं फेस्टिव सीजन की एडवांस तैयारी के लिए आयोजित इस एग्जीबिशन में RMG सेक्टर के ट्रेडर्स, ब्रोकर्स, बाइंग हाउसेस, एक्सपोर्ट्स एवं गारमेंट ब्राण्ड्स ने FABEXA एग्जीबिटर्स पर जमकर प्यार लुटाया तथा जमकर ऑर्डर्स दिए। आयोजकों के अनुसार FABEXA सीरीज की अब तक हुई सभी एग्जीबिशंस में 9th एडीशन सबसे सफल रहा। जनवरी से अप्रैल तक के सभी सीजंस में सुस्त ग्राहकी से हताश अहमदाबाद के गारमेंट फैब्रिक निर्माताओं को बूस्टर डोज की जरूरत थी, जो FABEXA के 9th एडीशन में मिले भरपूर फैब्रिक ऑर्डर्स के रूप में पूरी हो गई। 'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन' के प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत ने बताया कि वे FABEXA के 9th एडिशन के आयोजन से बेहद खुश है। इससे अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री के विकास एवं संवर्धन में महाजन की भूमिका को और मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि FABEXA फेयर कमेटी के सभी मेंबर्स एवं समस्त एग्जीबिटर्स की एकजुटता से इस तरह का सफल आयोजन संभव हुआ। एग्जीबिशन में 100 से अधिक प्रदर्शकों ने कॉटन सूटिंग - शर्टिंग सहित होजियरी, डेनिम, फैंसी ड्रेस मटीरियल, नीटेड फैब्रिक्स, बम्बू, लायसिल, विस्कॉस सहित इंपोर्टेड धागे से निर्मित फैब्रिक रेंज में हजारों डिजाइंस का विशाल डिस्प्ले लगाया, जिसमें 6100 से अधिक व्यापारियों ने एग्जीबिशन में शिरकत की।





**6100 ट्रेड विजिटर्स ने की शिरकत**

### FABEXA फेयर कमेटी की मेहनत रंग लाई

'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन' ने गारमेंट इंडस्ट्री में अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री का विस्तार करने के उद्देश्य से एग्जीबिशंस करनी शुरू की। एक दो एग्जीबिशंस करने के बाद महाजन ने अलग से फेयर कमेटी बनाई, जो अब तक अहमदाबाद के अलावा मुंबई, दिल्ली आदि मंडियों में सफल एग्जीबिशंस का आयोजन कर चुकी है। इस बार FABEXA फेयर कमेटी ने सभी की मांग को देखते हुए एग्जीबिशन का आयोजन अहमदाबाद में ही करने का निर्णय लिया। जब एग्जीबिशन अहमदाबाद में ही करने का निश्चय हो गया तो अब इसे सफल बनाने का जिम्मा भी फेयर कमेटी पर ही आ गया, कम समय होने के बावजूद फेयर कमेटी की एकजुटता से FABEXA के 9th एडिशन के सफल आयोजन का मार्ग प्रशस्त हो गया। FABEXA के 9th एडीशन के सफल आयोजन में 'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन' के प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत, वाइस प्रेसिडेंट श्री कांतिलाल संघवी, ट्रेजरार श्री बाबूलाल सोनीगरा, जाने माने उद्यमी श्री कुमार जैन के मार्गदर्शन में FABEXA फेयर कमेटी के चेयरमैन श्री अमीष शाह, को-चेयरमैन श्री सोनू टेकवानी एवं सेक्रेटरी श्री अंकित सेठ सहित समस्त कमेटी मेंबर्स की अहम भूमिका रही। साथ ही सभी एग्जीबिटर्स ने अपनी-अपनी तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया, जिसका फायदा देश की पूरी टेक्सटाइल वैल्यू चैन को मिला।





































**RMG सेक्टर का भरपूर समर्थन मिला...** अहमदाबाद में रमजान के सीजन की समाप्ति के बाद से नए ऑर्डर्स की कमी के चलते मंडी में काम का उत्साह कम होता जा रहा था, वहीं गारमेंट लाइन में सिंथेटिक कपड़े की बढ़ती खपत से यहां के व्यापारी चिंतित थे, लेकिन सभी संभावनाओं को दरकिनार करते हुए देश की गारमेंट इंडस्ट्री ने अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री के फैब्रिक डवलपमेंट्स पर भरोसा जताते हुए FABEXA के 9th एडिशन में एग्जीबिटर्स को जमकर ऑर्डर्स लिखाए। सभी एग्जीबिटर्स को अपने प्रदर्शन एवं रेंज के अनुसार भरपूर ऑर्डर मिले। एग्जीबिशन में मिले ऑर्डर्स से अब यहां के फैब्रिक सप्लायर्स के पास 3 - 4 माह की प्लानिंग आ गई, जिससे आगामी फेस्टिव एवं विंटर सीजन के लिए बड़ी प्लानिंग की जा सकेगी।

### सोशल मीडिया पर 1 करोड़ 17 लाख व्यूज

फैबेक्सा टीम ने इस बार सोशल मीडिया पर काफी अच्छी ब्राण्डिंग की। फैबेक्सा कमेटी के को-चेयरमैन श्री सोनू टेकवानी ने बताया कि एग्जीबिशन की जब अहमदाबाद में प्लानिंग की तो समय काफी कम था, ऐसे में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों तक मैसेज पहुँचाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। जिसके चलते सोशल मीडिया पर फैबेक्सा के 9th एडीशन की पोस्ट को 1 करोड़ 17 लाख लोगों द्वारा देखा गया।

### ऑल ऑवर इण्डिया से आये व्यापारी

4 दिवसीय फैबेक्सा एग्जीबिशन में ऑल ऑवर इण्डिया से RMG सेक्टर के व्यापारियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा विजिटर्स मुम्बई से आये, साथ ही अहमदाबाद लोकल, बंगलुरू, कोलकाता, इन्दौर, लुधियाना, दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद आदि मण्डियों से बड़ी संख्या में गारमेण्ट ट्रेड से जुड़े व्यापारियों ने शिरकत की।

### अगले एडीशन की अनाउंसमेंट

FABEXA के 9th एडीशन के समापन समारोह के अवसर पर MCMM प्रेसीडेंट श्री गौरांग भगत ने अगले साल अप्रैल-मई माह में ही FABEXA के 10th एडीशन की अहमदाबाद में ही आयोजन की अनाउंसमेंट की। इसके अलावा श्री भगत ने दीपावली के आसपास न्यू क्लॉथ मार्केट में ही एक ट्रेड फेयर करने की भी जानकारी दी।








## छत्तीसगढ़ में यूनिफॉर्म फैब्रिक का पहला डिस्प्ले

Qmax WORLD™
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY

# द्वारा स्कूल और कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म फैब्रिक एवं वर्स्टेड सूटिंग का भव्य डिस्प्ले राहुल सिन्थेटिक्स रायपुर में उत्साह के साथ संपन्न













**रायपुर /** यूनिफॉर्म फैब्रिक में निरन्तर इनोवेशन में अग्रणी **Qmax World** आज भारत की तमाम मण्डियों में अपने सेल्स नेटवर्क की बदौलत निरन्तर आगे बढ़ता जा रहा है। मजबूत इरादों के साथ कम्पनी की सम्पूर्ण टीम अपने उपभोक्ताओं के लिए मार्केट ट्रेण्ड को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म फैब्रिक का उत्पादन कर रही है। कम्पनी आज यूनिफॉर्म फैब्रिक के साथ टेरीवूल एवं वर्स्टेड सूटिंग में अनेक डिजाइनों का उत्पादन कर बाजार में पेश कर रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में पहला यूनिफॉर्म का फैब्रिक डिस्प्ले 28 व 29 मई, 2024 को **Qmax World** द्वारा अपने स्थानीय डीलर **राहुल सिन्थेटिक्स** के तत्त्वावधान में रायपुर, छत्तीसगढ़ के लैंडमार्क होटल में अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया। कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ रायपुर कपड़ा कमेटी के सभी पदाधिकारी, डायरेक्टर श्री अंकित टिबरेवाल, स्थानीय डीलर श्री विनोद आहुजा एवं उपस्थित रिटेलर्स द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**सूटिंग रेंज देखकर व्यापारी हुए गदगद**

श्री विनोद आहुजा ने बताया कि **Qmax World** द्वारा यूनिफॉर्म फैब्रिक में स्कूल, कॉलेज, कॉर्पोरेट, सिक्योरिटी के साथ ही टेरीवूल प्लेन फैब्रिक एवं वर्स्टेड सूटिंग की सम्पूर्ण रेंज डिस्प्ले की गई जो रिटेलर्स को काफी पसंद आई। छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा से लगभग 175 से 200 रिटेलर्स ने पधार कर कम्पनी के सभी उत्पादों की जमकर सराहना की तथा बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई। **Qmax World** के डायरेक्टर श्री अंकित टिबरेवाल ने उपस्थित सभी व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हम आपके लिए हमेशा नए-नए इनोवेशन करते आए, जिसे आप द्वारा सराहा गया है। आप सभी व्यापारियों के सहयोग से आज **Qmax World** निरन्तर ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है।

















BLSK
BANWARI LAL SUBODH KUMAR
Authorised Distributor
Siyaram's | MiSTAiR Fashion Fabrics | Siyarams Royale Linen | Mitva | EMEF Italian Suiting | Mitva Loyal | Murarka Suiting • Shirting | Centos | Sonco Suitings | Subbhtex | Orchid Natural Fabrics | Sparsh-Fab Uniform Fabric | Ethnair The tradition of India | B-Posh | Ethire
Banwari Lal Subodh Kumar
Bara Bazar, Bareilly.
Ph. : 0581-2572938, 9927054000, 9837018118

# सुख सागर फैब्रिक/ सूरज प्रकाश चावला एण्ड सन्स





**सहारनपुर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई में प्रसिद्ध फर्म सूरज प्रकाश चावला इस क्षेत्र में खरीदी का प्रमुख केन्द्र बन चुकी है। व्यापार के फाउण्डर श्री सूरज प्रकाश चावला द्वारा इस क्षेत्र में शुरुआत की गई तब से निरन्तर सफलता के पथ पर बढ़ते गए। पिछले कई वर्षों से इनके युवा सुपुत्र श्री अंकित चावला अपने अनुभव एवं अथक परिश्रम से व्यापार को जिम्मेदारीपूर्वक कर रहे हैं।

**प्रमुख ब्राण्ड्स**

स्पर्श फैब, वाल्जी, मफतलाल, शुभ टेक्स, सियाराम, मोडेला, वॉकीटॉकी, टाईटन टेक्स फैब के उत्पाद आपूर्ति किए जा रहे हैं। इसके अलावा इनका ब्राण्ड S P C Suitings के अंतर्गत भी माल सप्लाई कर रहे हैं। फर्म का नेटवर्क सहारनपुर एवं 150 किमी सराउंडिंग यूपी, उत्तराखण्ड एवं हरियाणा की वस्त्र मण्डियों में बेहतर है। श्री अंकित चावला ने बताया कि यूनिफॉर्म में लगभग 500 से अधिक डिजाइनों में 12 महिने स्टॉक उपलब्ध रखते हैं।

Sukh Sagar Fabrics
Suraj Prakash Chawala & Sons
Siyaram's | Qmax World | Darshan Valji | Sparsh-Fab Uniform Fabric Thoughtful Uniforms | modella | Mafatlal | Subbhtex | SPC Suitings | Wocky Tocky School & Work Wear Uniforms | adison Suitings | Titan Tex Fab
Shop No. 1,2,3, TRISHLA Jain Cloth Market, Near SARAFA Bazar SAHARANPUR U.P., Mob.: 9319444154, 9897003524

Darshan Valji | GIRDHAR TEXTILE
Sister Concren
SAGAR TEXTILE
AGENT FOR:- Ladies Dress Material, School Uniform & Suiting- Shirting & Cotton Fabrics
Product Supply From:- Mumbai, Bhilwara, Surat, Ahmedabad, Amritsar, Ludhiana etc.
45, 1st Floor, Banarasi Dass Cloth Market Kakkar Ganj, Saharanpur (U.P.)
Mob:- 093583-11607, 098370-32537, Email: girdhartextile@gmail.com

# गिरधर टेक्सटाइल एजेंसी





**सहारनपुर**

वस्त्र मण्डी की शीर्ष कपड़ा एजेन्सियों में शुमार गिरधर टेक्सटाइल का शुभारम्भ सन् 2001 में श्री राजकुमार गिरधर द्वारा किया गया, तब से निरन्तर कामयाबी हासिल करते हुए इस क्षेत्र में विश्वसनीय रूप से मुकाम हासिल किया। वैसे इस क्षेत्र में सन् 1980 से स्व. श्री ओमप्रकाश गिरधर द्वारा कार्य शुरू कर दिया था। उसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए सन् 2001 में सहयोगी फर्म सागर टेक्सटाइल की भी स्थापना की गई जिसमें कई प्रतिष्ठित घरों का कार्य किया जा रहा है। बढ़ते कार्य विस्तार से इनके युवा सुपुत्र श्री सागर गिरधर भी पिछले 7 वर्षों से कुशलतापूर्वक कार्यभार देख रहे हैं।

**प्रमुख उत्पाद**

एजेंसी कार्य के अंतर्गत मुंबई निर्मित सूटिंग-शर्टिंग जिसमें वाल्जी यूनिफॉर्म, हेमलीन (सोनाले फैब्रिक्स प्रा.लि.), अरावली सिल्क मिल्स प्रा. लि. मुम्बई एवं Navsari Cotton Mills Mumbai के उत्पाद की सप्लाई शामिल है। भीलवाड़ा वस्त्र उत्पादक मण्डी की सूटिंग फैब्रिक में सनमती सूटिंग एवं सिद्धलक्ष्मी सूटिंग, सूरत, अहमदाबाद एवं दिल्ली के निर्मित लेडीज सूट का भी बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अमृतसर की R Tex Suiting एवं लुधियाना मण्डी के उत्पाद की आपूर्ति की जा रही है। श्री गिरधर ने बताया कि स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक में हमारे पास टॉप ब्राण्ड होने से उम्दा स्तर पर कार्य कर रहे हैं। बाजार में लेडीज सूट का कार्य विस्तार हो चुका है। अतः हमारी फर्म स्थानीय मण्डी के ट्रेण्ड के अनुसार इस सेक्टर में भी काफी क्रिएशन के उत्पाद सप्लाई कर रही है। एजेंसी कार्य क्षेत्र सहारनपुर एवं सराउंडींग क्षेत्र में बेहतर नेटवर्क स्थापित होने से कई व्यापारियों से कार्य कर रहे हैं।

# पृथ्वीराज सुशील कुमार



सहारनपुर / स्थानीय वस्त्र मण्डी की शीर्ष एवं प्रतिष्ठित होलसेल फर्मों में शुमार पृथ्वीराज सुशील कुमार की स्थापना सन् 1985 में श्री पृथ्वीराज छाबड़ा द्वारा की गई थी। इनके साथ उसी समय छोटे भाई श्री सुशील छाबड़ा भी व्यापार में कार्य देख रहे थे, साथ ही श्री देवेंद्र छाबड़ा के संयुक्त अनुभव एवं कार्यकौशल से व्यापार बेहतर मुकाम पर गतिशील है। पिछले 8 वर्षों से युवा पीढ़ी में श्री मन्नु छाबड़ा जिन्होंने एमएससी शिक्षा पूर्ण करने के बाद अपने पुस्तेनी व्यापार में भागीदारी निभा रहे हैं।

**फैब्रिक सप्लाई-** फर्म के अंतर्गत सूटिंग-शर्टिंग की होलसेल आपूर्ति के साथ एथनिक वियर की बढ़ती डिमाण्ड के मद्देनजर इस क्षेत्र में भी काफी वैरायटियों में फैब्रिक का कलेक्शन रखते हुए सप्लाई की जा रही है। मेन्स वियर में मुरारका, क्यू मैक्स, कडिनी, ग्राडो, मोन्टीकार्लो एवं ओसकोन टॉप ब्राण्ड के उत्पाद की सप्लाई की जा रही है।

PRITHVI RAJ SUSHIL KUMAR
Wholesale Cloth Merchants
GRADO | Qmax WORLD Sunil Tibrewal Group Company | MURARKA Suiting • Shirting
Near Jain Mandir, Sarrafa Bazar, Saharanpur-247001
0132-2647402 | +91 9411459979 | +91 9696708565

**यूनिफॉर्म फैब्रिक-** फर्म द्वारा स्कूल एवं कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म फैब्रिक की सप्लाई की जा रही है।

**सेल्फ नेटवर्क-** सहारनपुर एवं 100 किमी सराउंडिंग यूपी, उत्तराखण्ड एवं हरियाणा की वस्त्र मण्डियों में मजबूत है। मुरारका निर्मित फैब्रिक के बारे में इन्होंने बताया कि, कम्पनी के कुशल प्रबंधन एवं प्रॉडक्ट उम्दा क्वालिटी होने से जब थान खुलता है तो मिल फिनिश देखने को मिलती है और इनकी पॉलिसी, प्रॉडक्ट की गुणवत्ता एवं डिलिवरी के कम्पनी की पूर्णतयाः वचनबद्धता के चलते मुरारका आज देश के शीर्ष सूटिंग ब्राण्ड में शुमार होता है।

NAVEEN SILK STORE
NSS
Wholesaler: Suiting, Shirting
Corporate & School Uniform's
Aditya Birla Group | Linen Club | Cavallo by Linen Club | Siyaram's | Raymond | OCM | Navsari | modella | Darshan Valji | Jindal Fab Suitings & Shirtings
Katra Manrai, Bara Bazar, Bareilly- 243001 (U.P.)
Office: 9870700637 M.: 9837077788, 9758778899
E-mail: naveensilkstore@gmail.com

# पालीवाल सेल्स एजेंसी





**बरेली/** स्थानीय होलसेल कपड़ा बाजार में सन् 1991 से निरन्तर सफलतापूर्वक एजेंसी में कार्यरत फर्म के संस्थापक श्री डूंगरराम पालीवाल इस क्षेत्र में अपने अनुभव एवं मजबूत सेल्स नेटवर्क से आज कई वस्त्र उत्पादक मण्डियों से कारोबार कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से इनके युवा सुपुत्र श्री सुरेश पालीवाल M.SC एवं CS में क्वालीफाईड होने के बाद अपनी फर्म में कार्य देख रहे हैं। एजेंसी कार्य में मुंबई, भीलवाड़ा, पाली, इचलकरंजी, बालोतरा एवं अहमदाबाद वस्त्र उत्पादक मण्डियों से निर्मित उत्पादों की सप्लाई कर रहे हैं। मुंबई में विजय लक्ष्मी ग्रुप जिसमें वी-टेक्स में विशेषतौर पर एम्ब्रॉइडरी रेयॉन, रेयॉन प्रिंट एवं जाम की आपूर्ति में बेहतर कार्य के साथ ही भीलवाड़ा में वेलफैब सिल्क मिल्स (वेलकिन), सुपीमा कॉटन, पाली में नवीन ट्रेडिंग कंपनी के अस्तर, इचलकरंजी में करनी टेक्सटाइल एवं धोती द्वारकाधीश ब्राण्ड, बालोतरा में रोटो, माइक्रो, इरोड में करनी ग्रुप, अहमदाबाद में गणेशमल महेन्द्रकुमार कम्पनी एवं यूनिफॉर्म में यूनिटेक्स एवं वॉकीटॉकी उत्पादों की सप्लाई की जा रही है। श्री पालीवाल ने बताया कि फैंसी एवं कॉटन सेक्टर में व्यापार लगभग बराबर हो रहा है। इनका मार्केटिंग क्षेत्र बरेली एवं 150 से 200 किमी की परिधि में विस्तृत है।

PALIWAL SALES
PSA AGENCY
New Cloth Market, IInd Floor, Katramanrai
Bara Bazar Bareilly- 243 003 (U.P.)
Mob.: +91 93190-90979, +91 96340-97389
E-mail: paliwalsales.agency@gmail.com

MIGLANI TEXTILES
Auth. Wholesale Dealer
Siyaram's, GR GWALIOR SUITING (Gwalior) M.P.
Raymond | Gwalior Suiting | Siyaram's | Cadini
Specialist In: University, Medical College, School Uniforms
Manoj-8630238456 | Ashish-9927048102 | Rahul-9927048101
26, Kunwar Market, Sation Road, Moradabad.

# मिगलानी टेक्सटाइल





मुरादाबाद / वस्त्र मण्डी में प्रमुख वस्त्र व्यवसायी श्री मनोज मिगलानी सन् 1975 से कपड़ा व्यापार में कार्य कर रहे हैं। उस समय GR ग्वालियर से जुड़ते हुए बेहतर नेटवर्क स्थापित किया, तब से निरन्तर व्यापार में अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए स्थानीय कुँवर मार्केट में सन् 2001 से मिगलानी टेक्सटाइल नाम से फर्म की स्थापना की और साथ मे इनके युवा सुपुत्र श्री आशीष मिगलानी भी अपने व्यापार में शामिल हुए और आज पूर्णतया अनुभव के साथ कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

**प्रॉडक्ट-** फर्म के अंतर्गत मेन्स वियर फैब्रिक में सूटिंग-शर्टिंग की सप्लाई की जा रही है। जिसमें GR ग्वालियर, रेमण्ड, सियाराम्स, (कडिनी) भीलवाड़ा के विमल क्रिएशन, एड़ीसन, टाइटन टेक्स फैब की स्कूल यूनिफॉर्म भी शामिल है। फर्म द्वारा फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई के लिए मुरादाबाद एवं उसके 150 किमी के क्षेत्र में काफी रिटेलर्स से जुड़े हुए है और अच्छे व्यापारियों से सम्पर्क होने से बेहतर कार्य किया जा रहा है।

# के. आर. टेक्सटाइल एजेंसी





**बरेली**/ पिछले 35 वर्षों से सतत रूप से कपड़ा एजेंसी में ख्याति अर्जित करने वाला विश्वसनीय प्रतिष्ठान के. आर. टेक्सटाइल एजेंसी ने पारदर्शिता एवं सफलता हासिल करने में विशेष पहचान स्थापित की है। एजेंसी कार्य में शुरूआत करने वाले श्री खीमाराम पुरोहित ने इस क्षेत्र में लम्बी पारी खेलते हुए देश की कई वस्त्र उत्पादक कम्पनियों से जुड़ते हुए व्यापार को बेहतर पहचान प्रदान की तथा स्थानीय कपड़ा बाजार एवं इसके सटी हुई कपड़ा मण्डियों में इनकी बेहतर नेटवर्क होने से एजेंसी द्वारा सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। कपड़ा व्यापार में इनके युवा सुपुत्र श्री ईश्वरचन्द पुरोहित पिछले 7 वर्षों से शामिल होते हुए अपने अनुभव से कार्य कर रहे हैं, जिसके फलस्वरुप एजेंसी में और कार्य विस्तार हुआ है।

Sparsh-Fab Uniform Fabric Thoughtful Uniforms
K.R.TEXTILE
Cloth Commission Agent
Agency
2nd Floor, New Cloth Market, Katra Manrai Bara Bazar, BAREILLY-243003 (U.P.), E-mail: krtextile.agency@gmail.com
KR PUROHIT- 93190 65518, ISHWAR- 80061 20979
NARAYAN SURAT OFIICE- 93275 35698

**प्रमुख उत्पाद-** लेडीज सूट, सूटिंग-शर्टिंग, पोपलीन, कॉटन उत्पाद इत्यादि की आपूर्ति शामिल है।

**मुम्बई-** स्पर्श फैब, BI ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज, नाहटा, JSP, Fabrics, शिवम सिल्क इण्डिया, डीडवानिया, मोहनलाल सोलंकी

**पाली-** ममता फैब टेक्स, वर्धमान, पदमावती डाईंग, हीरापन्ना टेक्सटाइल, योगेन्द्रा

**भीलवाड़ा-** सुमात्रा, JPL, सुविधी रेयॉन, SRT, अवार्ड एवं एसबी लोन

**सूरत-** लेडीज सूट में डाईड उत्पाद -पशुपती अम्बाजी, वर्षा, बीपीएल, गीता सिंथेटिक्स, गाड़ियां , जेलब्रो एवं आर्यन

**इरोड-** विशाल, आशा, बुरहानपुर -RT Mills

**इचलकरंजी-** राधाकृष्ण

**बालोतरा-** विमल कॉटन फैब, नवरंग टेक्सटाइल, (माँविरात्रा)

**अहमदाबाद-** ममता फैब टेक्स, रिकबचन्द हजारीमल, नवदुर्गा इत्यादि की सप्लाई शामिल है। यूनिफॉर्म फैब्रिक आपूर्ति में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है, जिसमें स्पर्श फैब के उत्पादों को बायर्स डिमाण्ड से खरीदी करते जिसके चलते बेहतर व्यापार हो रहा है।


**नेटवर्क-** बरेली, बदायुं, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रूद्रपुर, रामनगर इत्यादि में बेहतर है।

# सिंधी बाजार में कई दुकानें जलकर हुई राख

**आगरा/ दर्शन थावानी...** पिछले माह मई के अंतिम सप्ताह में आगरा शहर के पोष इलाका सिंधी बाजार थाना एम एम गेट हॉस्पिटल रोड़ में रेडीमेड कपड़ा मार्केट में भीषण आग लगने से बड़ी मात्रा में माल जलकर राख हो गया। जिसका आकलन किया जा रहा है कि करोड़ों की लागत में नुकसान हो चुका है। व्यापारियों ने कहा है कि आगजनी होते ही प्रशासन तुरन्त नही आ सकता। अतः पहले ही सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने होंगे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग से कई घण्टो तक काले धुआँ के बादल मण्डराते रहे, इससे सटे एस एन मेडिकल कॉलेज भी काफी प्रभावित हुई, क्योंकि इसकी दीवार मार्केट से जुड़ी हुई है। हालांकि प्रशासन एवं वायुसेना के संयुक्त प्रयास से आग पर काबु पा लिया गया, परन्तु तब तक काफी नुकसान हो चुका था।



# लक्की टेक्सटाइल



**सहारनपुर/** होलसेल वस्त्र व्यापार में स्थानीय वस्त्र मण्डी की रायवाला मार्केट में श्री राजेश किंगर लगभग 47 वर्षों से इस क्षेत्र में सफलतापूर्वक व्यापार कर रहे हैं। हालांकि, लक्की टेक्सटाइल फर्म को व्यापार में पिछले 24 वर्षों से शामिल करते हुए बेहतर नाम स्थापित किया है। फर्म के ऑनर श्री किंगर लम्बे समय से अनुभव एवं कार्यकौशल से आज कई नामचीन ब्राण्ड्स का कार्य कर रहे हैं।

**प्रमुख ब्राण्ड्स-** मेन्स वियर में फर्म मुख्यतया नोसारी कॉटन, स्टेनरोज मफतलाल, H.S.D.K., स्वदेश लिनन कॉटन फैब्रिक, एल्वी कॉटन मैन्युफेक्चर मिल, ममता मिल इरोड़, मातुल्य के निर्मित प्रॉडक्ट की सप्लाई कर रहे हैं। श्री किंगर ने बताया कि कुर्ता-पायजामा फैब्रिक सप्लाई में हमारी विशेष महारत है। जिसके चलते बायर्स उत्साह से खरीदी करने आते हैं।

**सेल्स नेटवर्क-** उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा एवं पंजाब की कई वस्त्र मण्डियों में मजबूत नेटवर्क होने एवं हमारे कस्टमर्स का विशेष लगाव होने से व्यापार सफलता के पायदान पर गतिमान है। **मोबाइल- 9759060700**

Benny Cotts SINCE : 1987
SHREE RAM SYNTHETICS PVT. LTD.
Manufacturing of Suitings & Shirting
Fancy, DMS, Designing fabric Crape 2/18, 2/40X2/40, For Cast.
REGD. ADD.
Samdani Building, Opp. Sandeep Hundai Showroom, Pur Road, Bhilwara
Mob.: 9414111656, Email: bennycotts@gmail.com, sidhshila@gmail.com
FACTORY ADD.
Village - Atun, Behind, Sangam Suiting, Chittor Road Bhilwara- 311001
Mob.: 8949934836 | Email: shreeramatun@gmail.com
Uniform Fabrics Speciality For
Schools ✓
Corporate ✓
Police ✓
Medical ✓
Hospitals ✓
Doctors ✓
Surgical Staff ✓
House Keeping ✓
Security Guard ✓
Industrial Fabrics ✓
Uniform
& Fancy Suiting

विज्ञापन एवं टेक्सटाइल वर्ल्ड न्यूज पेपर की मेंबरशिप के लिए संपर्क करें-
श्री कमलेश व्यास
99292 16065
80035 96090

# श्री कृष्णा फैब्रिक




**बरेली/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित होलसेल वस्त्र व्यापार में शुमार श्री कृष्णा फैब्रिक कई टॉप ब्राण्ड्स के उत्पाद सप्लाई कर रही है। व्यापार का शुभारम्भ श्री रमेश खनीजो के द्वारा आज से 33 वर्ष पूर्व किया गया था। तब से अपने अनुभव एवं अथक परिश्रम से निरन्तर कार्य करते हुए प्रतिष्ठान को कामयाबी प्रदान की। व्यापार में इनके सुपुत्र श्री अजय खनीजो भी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से कार्य देख रहे है और अब श्री रमेश खनीजों के पौत्र श्री माधव खनीजो शिक्षा पूर्ण करके कपड़ा व्यापार में कार्यभार देख रहे हैं।

**होलसेल आपूर्ति...** फर्म के अंतर्गत कई नामचीन ब्राण्ड्स की सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक वियर की सप्लाई की जा रही है, जिसमें सियाराम्स, मिन्येचर, मिस्टेयर, जेनरिस, ₹श्वश्व-ष्टश्वश्व, सीताराम इण्डिया लि. एवं एएफडब्ल्यु के प्रॉडक्ट शामिल है। श्री अजय खनीजो ने बताया कि मुम्बई के क्वालिटी उत्पाद जिसमें फैंसी सूटिंग, टीआर सूटिंग एवं फैंसी शर्टिंग शामिल है। सहयोगी फर्म राजश्री सिन्थेटिक्स में सूरत एवं कोलकाता की सिंथेटिक्स एवं कॉटन साड़ियों की काफी वैरायटियों की होलसेल आपूर्ति की जा रही है।

**प्रमोशन ब्राण्डिंग...** फर्म सीजन में रिटेल बुकिंग के अंतर्गत डिस्प्ले कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन करती है, जिसमें इनके कई रिटेलर्स को आमन्त्रित किया जाता, जिनके द्वारा स्पॉट बुकिंग की जाती है।

**यूनिफॉर्म फैब्रिक...** स्कूल, कॉर्पोरेट एवं पुलिस खाकी में बेहतर सप्लाई की जा रही है।

**एथनिक फैब्रिक...**वर्तमान में बाजार में बढ़ती डिमाण्ड के तहत इटालियन फैब्रिक्स, एथनिक फैब्रिक, पार्टी वियर में व्यापक रेजों की बिक्री की जा रही है।

Radhe Krishna Fabrics
Shri Krishna Fabrics
Wholesaler: Fancy Suitings, Shirtings & Ethnic Wear
RAJ SHREE SYNTHETICS
Specialist: Fancy & Silk Sarees
Siyaram's | Miniature A gift of tradition | MiSTAiR IMPACT DRESSING
GENERIS PREMIUM SUITINGS | GEE CEE FOR MEN'S | SITARAM PREMIUM SUITINGS | afw
OFFICE:- Gali Arya Samaj, Bara Bazar, BAREILLY (U.P.)
Mob: 9897899772, 9897899771, 8979449966
Email: shrikrishnafabricsbly@gmail.com

# गोयल एन्टरप्राइजेज




मुजफ्फरनगर/ वस्त्र मण्डी की जानी-मानी होलसेल एवं रेडीमेड ब्लेजर का निर्माण कर आपूर्ति करने वाली फर्म गोयल एन्टरप्राइजेज यहाँ के शीर्ष घरों शुमार की जाती है। व्यापार की शुरुआत सन् 1991 में श्री सुरेश कुमार गोयल द्वारा की गई थी, तब से निरन्तर कार्य करते हुए बेहतर मुकाम हासिल किया है। कारोबार में पिछले 20 वर्षों से श्री मनोज गोयल एवं श्री संजीव कुमार गोयल अपने कुशल नेत्तृत्व में बेहतर कार्य कर रहे हैं।

**होलसेल आपूर्ति-** फर्म में सूटिंग-शर्टिंग, स्कूल यूनिफॉर्म, स्कूल ब्लेजर, कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म, पुलिस, सिक्योरिटी, होटल इत्यादि में बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

**रेडीमेड ब्लेजर-** इस क्षेत्र में इनकी विशेष रूप से पहचान होती है, जिसमें रेडीमेड ब्लेजर की विभिन्न कलर डिजाइन्स में उत्पादन कर रहे हैं। इसमें ट्विड, प्लेन, चैक्स इत्यादि में लगभग 25-30 क्वालिटियों में रेंजे तैयार की जाती है। रेडीमेड स्कूल यूनिफॉर्म का उत्पादन भी किया जा रहा है।



**फैब्रिक आपूर्ति-** होलसेल सप्लाई में सियाराम, वाल्जी, मफतलाल, स्पर्श फैब, मोडेला इत्यादि भी शामिल है।

**सेल्स नेटवर्क-** मुजफ्फरनगर, U.P., राजस्थान, M.P., उत्तराखण्ड व हरियाणा में बेहतर है।

DARSHAN Valji | Mafatlal | Sparsh-Fab UNIFORM FABRIC | J.HAMPSTEAD | modella | RAJEEV ENTERPRISES
Goel ENTERPRISES
Readymade & Fabrics
Specialist In Blazer, Tweed & School Uniform
Wholesaler of Exclusive Suiting
51-151-251-A, S.D. College New Market
Muzaffarnagar-251001 (U.P.) Ph.0131-3296001
Mob.: 93199 92382 | 80060 06070
Email: sanjeev51@goel@gmail.com

# वैभव खन्ना / नेहा टेक्सटाइल्स (एजेंसी)



मुजफ्फरनगर / स्थानीय वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित एवं लम्बे समय से टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में प्रतिष्ठान वी वी टेक्सटाइल्स, जो 40 वर्ष पूर्व श्री विपिन खन्ना s/o स्व. श्री जगन्नाथ खन्ना द्वारा आरम्भ की गई थी। गौरतलब है कि, श्री खन्ना विधायक पद पर भी आसीन रहे। एजेंसी कार्य में सूटिंग-शर्टिंग उत्पादों का कार्य किया जा रहा है। सन् 2003 से श्री वैभव खन्ना एवं इनकी धर्मपत्नी श्रीमति नेहा खन्ना के संयुक्त अनुभव से नेहा टेक्सटाइल्स के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। एजेंसी के अंतर्गत डिसेंट, मार्बल, गोलपुरिया, S R Fabrics सूटिंग भीलवाड़ा निर्मित एवं बालोतरा में न्यू विनोद, प्रवीण, मंगलश्री एवं अहमदाबाद निर्मित सप्लाई में गणेशमल, महेन्द्र कुमार, महिन्द्रा टेक्सटाइल मिल्स है। श्री खन्ना ने बताया कि कॉटन सेक्टर में वाइट कुर्ते-पायजामे की क्वालिटी फैब्रिक भी विशेष रूप से आपूर्ति की जा रही है। सेल्स नेटवर्क मुजफ्फरनगर एवं सराउंडींग क्षेत्र में विस्तृत है।

मोबाइल- 9219511792

# ज्वालाराम महलाराम




सहारनपुर / यूनिफॉर्म फैब्रिक आपूर्ति के लिए प्रसिद्ध फर्म ज्वालाराम महलाराम का शुभारम्भ सन् 1965 में श्री महलाराम एवं श्री रोशन लाल द्वारा की गई थी। पिछले 35 वर्षों से श्री अजय नारंग अपने पुस्तेनी व्यापार में सफलापूर्वक कार्य कर रहे हैं और पिछले 6 वर्षों से चौथी पीढ़ी में श्री अर्पित नारंग भी कार्य देख रहे हैं।

## प्रॉडक्ट

फर्म द्वारा मफतलाल, सियाराम, वाल्जी, क्यूमेक्स एवं मोडेला के उत्पाद सप्लाई किए जा रहे हैं। श्री अजय नारंग ने बताया कि यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई में हमारी फर्म 12 महिने सप्लाई का सामर्थ्य रखती है। जिसमें लगभग 500 से 600 डिजाइंस प्रत्येक समय एवं 100 डिजाइंस हमारी मोनोपॉली से बनाते, जो किसी से मेच नही खाती है। सूटिंग में 50-60 कलर, यार्न डाइड, मेट्टी एवं यार्न डाइड ट्रोविन में विशेष स्टॉक रखते हैं। सेल्स नेटवर्क सहारनपुर एवं इसके 100-150 किमी सराउंडिंग में विस्तृत है।

मोबाइल- 9719415011

# भोमिया टेक्सटाइल एजेंसी



मुजफ्फरनगर/ वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित एजेंसी कार्य में भोमिया टेक्सटाइल एजेंसी सन् 2002 से इस क्षेत्र में निरंतर सेवाएं दे रही है। फर्म के अनुभवी संचालक श्री भँवरलाल पालीवाल इस क्षेत्र में अपनी बेहतर पकड़ बनाते हुए आज कई मण्डियों से कार्य कर रहे हैं। इनके कारोबार में सूटिंग-शर्टिंग, पोपलीन, साड़ी एवं लेडीज सूट का शानदार कार्य किया जा रहा है। इनकी सेल्स नेटवर्क मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, ऋषिकेश, देहरादून, खटीमा, टनकपुर, हल्दवानी, शामली, बड़ौदा इत्यादि में बेहतर है।

श्री बाबा रामदेव श्री नमः | श्री पित्तर जी नमः
Bhomiya Ji
Textile Agency
BHOMIYAJI TEXTILE AGENCY | BHOMIYAJI GROUP
Textile Selling Agent
Bhawarlal Paliwal: 9358811036, 9411274436
1st Floor, Lal Singh Market, Near Jhansi Rani Chowk,
Muzaffarnagar - 251002 (UP) Mob.: 9358811036 | 9411274436

# अमर टेक्सटाइल एजेंसी



मुजफ्फरनगर / वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित एजेंसी अमर टेक्सटाइल के संचालक श्री घनश्याम पालीवाल पिछले 25 वर्षों से इस क्षेत्र में अपने कार्यकौशल से कार्य कर रहे हैं। एजेंसी के अंतर्गत भीलवाड़ा सूटिंग, मुंबई, पाली, बालोतरा, इचलकरंजी एवं इरोड़ निर्मित फैब्रिक उत्पादों की सप्लाई कर रहे हैं। जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, यूनिफॉर्म, फैंसी, अस्तर, रूबीया, पोपलीन, धोती, मलमल एवं खादी की सप्लाई शामिल है। मार्केटिंग मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, ऋषिकेश, बुलन्दशहर, खुरजा एवं देहरादून इत्यादि में मजबूत है।

मोबाइल- 9412711036

# गुलाटी टेक्सटाइल



मुजफ्फरनगर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में लम्बे समय से प्रतिष्ठित फर्मों में शामिल गुलाटी टेक्सटाइल पिछले 40 वर्षों से कपड़ा व्यापार में निरन्तर सफलतापूर्वक स्थान बनाए हुए है। फर्म के ऑनर श्री राकेश गुलाटी अपने कुशल नेतृत्व से बेहतर नेटवर्क स्थापित किया और कई कम्पनियों का माल सप्लाई कर रहे हैं।

**प्रॉडक्ट-** फर्म के अन्तर्गत सूटिंग-शर्टिंग की होलसेल आपूर्ति की जा रही है। भीलवाड़ा, मुंबई एवं अमृतसर मण्डियों से कार्य किया जा रहा है। कॉटन फैब्रिक, कुर्ता-पायजामा एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक में स्कूल यूनिफॉर्म की सप्लाई महत्त्वपूर्ण रुप से शामिल है। इनका व्यापार मुजफ्फरनगर एवं सराउंडिंग क्षेत्र में व्यापारियों में बेहतर संपर्क होने से सफलतापूर्वक हो रहा है। व्यापार में इनके युवा सुपुत्र श्री हिमांशु गुलाटी बी.कॉम ऑनर्स शिक्षा पूर्ण करके व्यापार में कार्य देख रहे हैं। बाजार के बदलते ट्रेण्ड के बारे में श्री गुलाटी ने बताया कि मार्केट कॉटन की तरफ अधिक बढ़ रहा है। मो. 9412711499




# ब्लेजर उत्पादन में स्वयं का प्लांट स्थापित करने वाली महत्त्वपूर्ण कंपनी धर्मवीर स्कूल ड्रेस

**मुजफ्फरनगर/** धर्मवीर स्कूल ड्रेस का शुभारम्भ सन् 1969 में श्री धर्मवीर दीक्षित द्वारा किया गया जो मुजफ्फरनगर शहर में 13 किमी देहली मार्ग पर स्थापित कस्बा मंसूरपुर में स्थित इस फर्म का सूटिंग-शर्टिंग एवं साड़ी बिक्री में बेहतर नाम स्थापित हो चुका है। व्यापार में उत्तरोत्तर मिली सफलता के मद्देनजर इन्हीं के सुपुत्र श्री अजीत दीक्षित द्वारा सन् 1983 में एक न्यू क्रियेशन करते हुए इस व्यापार को भव्य शोरूम में परिवर्तित करते हुए शहर में उस समय आकर्षण का केन्द्र बनाया।



**ब्लेजर उत्पादन...** फैब्रिक सप्लाई में मिली अपार सफलता के बाद श्री दीक्षित द्वारा सन् 2012 में ब्लेजर उत्पादन की सम्पूर्ण यूनिट की स्थापना की और विभिन्न कलर रेंजों में क्वालिटी ब्लेजर उत्पादन का कार्य शुरू किया जो आज शहर के इस स्तर का शीर्ष प्रतिष्ठान में अपनी पहचान बना चुका है।

**प्लाण्ट विवरण...** कम्पनी द्वारा मुजफ्फरनगर शहर में इस कार्य के लिए सम्पूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया गया, जहाँ स्टिचिंग के लिये मोर्डन तकनीकयुक्त मशीनरी एवं उच्च स्तर के प्रशिक्षित कारीगर कार्य कर रहे हैं। प्लाण्ट में कच्चा माल का पूरा स्टॉक मेन्टेन किया जाता है, जो प्रत्येक सीजन से पूर्व ही एडवांस प्लानिंग में मोडेला समेत कई दिग्गज कम्पनियों की क्वालिटी फैब्रिक रेडी रखते है।

**मार्केटिंग सेल्स...**माल की आपूर्ति के लिए मजबूत नेटवर्क स्थापित है, जिसके तहत आज ऑल यूपी, बिहार, पं. बंगाल, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, एमपी, राजस्थान, हरियाणा एवं पंजाब के साथ ही अरूणाचल प्रदेश तक माल सप्लाई किया जा रहा है। प्रॉडक्ट की क्वालिटी उम्दा होने से डिमाण्ड से माल बिकता है।

DHARAMVEER SCHOOL DRESS
Ajeet Dixit: +91 8394052155 | +91 9997952155
Factory : Plot No. 47, Hari Puram Kookra, Muzaffarnagar (U.P.) 251 001
Email: dharamveerschooldress99@gmail.com

# चुनीलाल विनोद कुमार



**मुजफ्फरनगर** / व्यापार की शुरुआत सन् 1970 में स्व. श्री चुनीलाल सुनेजा द्वारा की गई थी, तब से निरन्तर थोक कपड़ा व्यापार में बेहतर सफलता अर्जित की। सन् 1984 से इनके सुपुत्र श्री इन्द्रपाल सूनेजा अपने कारोबार में शामिल होते हुए कार्य देख रहे हैं। इन्होंने बताया कि फर्म के अंतर्गत मुख्यतयाः सूटिंग-शर्टिंग, स्कूल यूनिफॉर्म एवं रेडीमेड गारमेण्ट का कार्य किया जा रहा है। फर्म के बढ़ते कारोबार के मद्देनजर इनकी नई पीढ़ी श्री आक्षीव सुनेजा एवं श्री सार्थक सुनेजा भी कार्यभार बेहतर अनुभव से देख रहे हैं।

## रीत क्रियेशन : हेण्डवर्क लेडीज सूट उत्पादन



स्थानीय वस्त्र मण्डी में बढ़ते लेडीज सूट उत्पादन के क्रेज से श्री अक्षिव सुनेजा द्वारा इस क्षेत्र में भी श्री गगनदीप सिंह के साथ संयुक्त रूप से कार्य शुरू किया। जिसमें रीत क्रियेशन ब्राण्ड नेम से उम्दा क्वालिटी के लेडीज सूट हेण्डवर्क अनस्टिच सूट उत्पादन कर सप्लाई में इन्होंने बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। आज इनके द्वारा ये उत्पाद यूपी, हरियाणा, बिहार, एमपी, पंजाब एवं झारखण्ड की वस्त्र मण्डियों में सप्लाई हो रहा है।



Reet Creation
For Trade Inquiry: Shri Gagan Deep Singh: 9760018017 | Shri Aakshiv : 9557777703

# कुन्दनलाल लाज किशन




**सहारनपुर /** प्रतिष्ठित होलसेल फर्म कुन्दनलाल लाज किशन की स्थापना स्व. श्री कुन्दनलाल गाँधी द्वारा सन् 1948 में की गई थी। श्री गाँधी तत्कालीन समय में जब कपड़ा व्यापार में कदम रखा तब फेरी स्तर पर कार्य शुरु किया और अथक परिश्रम से कदम सफलता की ओर बढ़ाते गए जो वर्तमान में सहारनपुर होलसेल वस्त्र व्यापार की जानी मानी फर्म में पहचान होती है। व्यापार के साथ इनके सुपुत्र श्री लाजकिशन गाँधी राजनीति में प्रवेश करते हुए बीजेपी में दो बार शहर के विधायक निर्वाचित हुए और विधानसभा के सचेतक पद पर भी आसीन रहे। श्री लाजकिशन RSS में नगर संघकार्यवाहक के पद पर भी कई वर्षों तक संगठन में सेवा कार्य किया और इस क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान बनाई। श्री रमन गाँधी ने बताया कि हमारे पिताजी राजनीति व संघ के साथ ही शिक्षा क्षेत्र में भी निःस्वार्थ अपना योगदान दिया और सरस्वती विहार मंदिर नाम से विद्यालय की शुरूआत की, जिसमें आज लगभग 3500 छात्र अध्ययनरत है और सात विद्यालयों में अपना योगदान देकर उनको अपने जीवन का हिस्सा बनाया, ताकि शिक्षा का प्रसार हो और राष्ट्र नवनिर्माण में देश को अपना योगदान दे सके। वर्तमान में इनके सुपुत्र श्री नन्दकिशोर गाँधी एवं श्री रमन गाँधी कपड़ा व्यापार में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इन्होंने बताया कि फर्म के होलसेल व्यापार में सूटिंग-शर्टिंग, कुर्ता-पायजामा की बड़ी तादाद में सप्लाई कर रहे हैं।

## प्रमुख ब्राण्ड्स

फर्म के अंतर्गत शीर्ष कंपनियों में ग्राडो, डोनियर, सियाराम (मुंबई), भीलवाड़ा, सूरत, अहमदाबाद, इचलकरंजी एवं इरोड निर्मित उत्पादों की वृहत स्तर पर माल सप्लाई किया जा रहा है।

# दी बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के सदस्यों की डायरेक्ट्री का विमोचन 16 जून को होगा

**बंगलुरू/** होलसेल कपड़ा व्यापारी संगठन 'बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन' सन् 1931 से स्थानीय कपड़ा व्यवसाय की प्रगति के लिए काम कर रहा है। वर्तमान में प्रेसीडेण्ट श्री प्रकाश पिरगल के नेतृत्व में यह संस्था कपड़ा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभा रही है। एसोसिएशन द्वारा बंगलुरू के होलसेल कपड़ा व्यापारियों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से एसोसिएशन के सदस्यों की डायरेक्ट्री तैयार की गई है। जिसका विमोचन कार्यक्रम आगामी 16 जून को तय किया गया है। एसोसिएशन के प्रेसीडेण्ट श्री प्रकाश पिरगल ने बताया कि बंगलुरू होलसेल कपड़ा व्यापारियों की एक-दूसरे से कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए सदस्यों की डायरेक्ट्री तैयार की गई है। जिसमें मैनेजिंग कमेटी के सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया। डायरेक्ट्री में 1200 से अधिक होलसेल व्यापारियों का संकलन किया गया है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री नरेश मुथा, सचिव श्री योगेश सेठ, कोषाध्यक्ष श्री माणक गादिया एवं डायरेक्ट्री कमेटी चेयरमैन श्री महावीर मेहता एवं पूरी कमेटी का डायरेक्ट्री तैयार करने में विशेष सहयोग रहा।



**उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से मुलाकात**

विगत दिनों भारत के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से बंगलुरू प्रवास के दौरान श्री प्रकाश पिरगल ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की तथा डायरेक्ट्री विमोचन के कार्यक्रम की अध्यक्षता करने का आग्रह किया। जिस पर उप राष्ट्रपति महोदय ने अपनी व्यस्तता की जाँच कर सूचना देने की कहा।

## सूरत के टेक्सटाइल एजेंट्स ने रूख बदला आड़त की ओर बढ़ाए कदम -AKAS




**सूरत/** सूरत कपड़ा बाजार लगभग सन् 1975 में आड़त के द्वारा ही पूरे देश में कपड़ा जाता था, सारी जवाबदारी आड़त की होती थी। जिसके कारण व्यापार काफी साफ-सुथरा रहा। यह सिस्टम करीब 18 से 20 साल आड़त के द्वारा चला। सूरत कपड़ा बाजार में प्रॉडक्शन अधिक होने से व्यापारी भाइयों ने धीरे-धीरे अपने कपड़े को डायरेक्ट या किसी के माध्यम से बेचना शुरु कर दिया। उसी समय बाहर की मंडी के एजेंटों ने सूरत बाजार में काम करना शुरू कर दिया और साथ ही और एजेंटों के द्वारा पूरे हिंदुस्तान में कपड़ा जाना शुरू हो गया। अभी कुछ समय से एजेंटों के भार होने से, समय से पेमेंट न आने और भुगतान संबंधित अन्य समस्याओं की वजह से एजेंटों की छवि खराब होने लगी और उनको भी नुकसान होना शुरू हो गया, उसकी वजह से काफी एजेंट्स ने आड़त की ओर कदम बढ़ाए। उम्मीद हैं कि आने वाले समय में वापस एक आड़त का एक सिस्टम बनेगा। उसको देखते हुए लगभग कई एजेंट आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन सूरत (AKAS) के सदस्य बन रहे हैं। अध्यक्ष श्री प्रहलाद अग्रवाल ने बताया कि स्पर्श ट्रेडीशनल्स, ड्रोलिया एंड कंपनी एवं संजीव कुमार राजीव कुमार और अन्य काफी सारे लोगों ने वहां 43 से अधिक एजेंट ने कन्वर्ट किया हैं। इसी संदर्भ में आड़त एसोसिएशन ने संजीव जी का स्वागत किया गया।

## फायर संबंधित फोस्टा कार्यालय में हुई मीटिंग



**सूरत /** विगत दिनों फोस्टा कार्यालय के बोर्डरूम में श्री भागीरथ गढ़वी DCP ZONE-2, श्री चिराग पटेल ACP C-DIVISION, श्री बीआर रबारी सलाबतपुरा पी.आई. के साथ सूरत कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष/सचिव/मेनेजर के साथ फायर NOC और BUC से सम्बंधित चर्चा के लिए आवश्यक मीटिंग की गई। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को फायर के प्रति जागरूक करना एवं सरकार की गाइडलाइन के बारे में जानकारी देना था। इस मीटिंग में DCP साहब ने कपड़ा विस्तार में किस वजह से आगजनी की घटना होने की संभावना रहती है और किस तरह हम अपनी मार्केट और स्वयं को ऐसी दुर्घटना से बचा सकते है, उससे सम्बंधित जानकारी दी। साथ ही ACP साहब ने भी मार्केट में क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए उससे संबन्धित जानकारी दी। सलाबतपुरा पी.आई. श्री ने व्यापारियों को सलाह दी कि अपने-अपने मार्केट के पैसेज एवं एग्जिट गेट क्लियर रखने चाहिए। जिससे किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने बताया कि पूर्व में फोस्टा ने सभी कपड़ा मार्केट में फायर NOC एवं फायर सिस्टम दुरुस्त कराने के लिए पत्र लिखे हैं। फोस्टा द्वारा फायर की एक अलग कमेटी बनाई गई है। मीटिंग में उपस्थित मार्केट के अग्रणियों ने अपने-अपने प्रश्न उपस्थित अधिकारियों के समक्ष रखे, जिसका अधिकारियों श्री ने बड़ी ही सूझबूझ से उत्तर देकर लोगों की समस्याओं का निवारण किया।




## Ethnic फैब्रिक में Mens & Kids वियर के साथ-साथ Special बिग रैंज के कुर्तों के निर्माता Majisa Designer का जलवा बरकरार



**भिवंडी**

मुंबई महानगर से सटे हुए कपड़ों के प्रतिष्ठित हब भिवंडी से 19 वर्ष की उम्र में अपने कारोबार को रफ्तार देते हुए माजिसा डिजाइनर इस मुकाम पर अपनी मेहनत और परिश्रम के बल पर पहुँच चुके हैं जिसके वनिस्पत वे मुंबई से ही सटे थाणे जिले का कपड़ों के बड़े-बड़े वियर हाउसों के लिए विख्यात भिवंडी शहर के अलावा गुजरात के सूरत में भी इनकी ब्रांच यामी ट्रेंड भव्य प्रतिष्ठान YY ब्रांड (युग और युवानी) नामक अपने बच्चों के नाम से है। फर्म के डायरेक्टर श्री राकेश ओस्तवाल ने बताया कि, हम आज उत्तम क्वालिटी के कपड़ों में Majisa Designer का नाम ही एक पहचान बन चुका है। हम एक ही छत के नीचे वो सभी सुविधाएं मुहैया करा रहे है, जिससे कि लोगों को बच्चों से लेकर युवा, बड़ों, बुजुर्गजनों को बड़े-बड़े आकर्षक और टिकाऊ रेंज के कुर्ते इत्यादि थोक मात्रा में उपलब्ध है। वैल्यू एडिशन की नई रेंज लॉन्चिंग का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला।

Y & Y
Trendy Indian Ethnic Wear

इसमें एम्ब्रॉयडरी एंब्रॉडी वर्क, चिफली वर्क, डिजिटल प्रिंट, प्लेन सिल्क फैब्रिक, जैकार्ड, डोबी की भरपूर फैब्रिक्स रेंज का समावेश है। देश के कोने-कोने के गारमेंट व्यापारीजनों ने अच्छा रिस्पॉन्स दिया। बातचीत के क्रम में उन्होंने यह भी बताया कि सन् 2003 में मैं, जब 19 वर्ष की अवस्था में था तभी राजस्थान से नए व्यवसाय हेतु भिवंडी आया, जहाँ पावरलूम कारखाने में ग्रे का व्यापार शुरू किया। सन् 2008 में फिनिश शर्टिंग का कारोबार और सन् 2019 मे एथनिक फैब्रिक्स का कामकाज शुरू किया। तत्पश्चात, व्यापारी मांग और समय के अनुसार परिवर्तन के नये दौर के हिसाब से समय-समय पर अपने कारोबार में परिर्वतन करता रहा, जिसमें कठिन परिश्रम, ईमानदारी और उत्तम क्वालिटी का लक्ष्य रखा, जिस कारण आज पूरे भारत में माजिसा डिजाइनर की इमेज और प्रतिष्ठा हैं। कपड़ा बाजार में आने वाले समय में हम सभी कुर्ता और कोट के साथ-साथ शेरवानी, ब्लेजर, इंडों-वेस्टर्न इत्यादि प्रकार के फैब्रिक्स को भी लॉन्च करेंगे।

Mens और Kids के संपूर्ण फैब्रिक्स रेंज की YY हाऊस माजीसा डिजाइनर में देखने को भारतभर के व्यापारीजनों को मिलेगा। श्री ओस्तवाल के बारे में जानकारी मिली की आप समाज सेवा के साथ-साथ राजनीति में भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) महाराष्ट्र इकाई का एक युवा दबंग नेता और महाराष्ट्र के प्रदेश पदाधिकारी जो जरूरतमंद लोगों को यदा-कदा अपनी सेवाएं भी देते रहते हो, आप यह सब कैसे संभालते हो? इस पर उन्होंने कहा कि, माता-पिता, परिवारजनों और समस्त ऑफिस की टीम हमारी रीढ़ की हड्डी हैं। जिनके आशीर्वाद और प्यार का फल है।

## सामान्य मांग से कॉटन यार्न में कोई उछाल नहीं, भाव थोड़े दबे

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय...** यार्न की स्थानीय मांग सामान्य है। निर्यात मांग स्थिर है। रूई के भाव में भी स्थिरता है। इसलिए स्पिनिंग इकाइयों का निराशा का दौर समाप्त हो चुका है। देश के विभिन्न क्षेत्रों की स्पिनिंग इकाइयों में कॉटन यार्न का उत्पादन बढ़ रहा है। इसके पीछे का मुख्य कारण टेक्सटाइल वैल्यू चैन की स्थानीय एवं वैश्विक स्तर पर कपड़ों की मांग रहने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर तो टेक्सटाइल चैनलों के पास इंवेटरी का अतिरेक भी नहीं है। दूसरे चीन के बाद विदेशी आयातकों का भारत की ओर झुकाव बढ़ा है। टेक्सटाइल उत्पादनों की मांग माह दर माह बढ़ रही है। भारत के कपड़ा उत्पादनों के ऑर्डर में बढ़ोतरी होने से यार्न की मांग पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। गुजरात की स्पिनिंग मिलों में कॉटन यार्न का उत्पादन बढ़ने का संकेत है। इन मिलों के पास निर्यात के साथ स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए भरपूर ऑर्डर है। कहा जा रहा है कि, पिछले एक महीने से मिलों के पास निर्यात ऑर्डर बढ़ा है। निर्यात के सौदे यूरोप और बांग्लादेश की ओर से है। स्पिनिंग उद्योग में अब रूई के भाव को लेकर कोई उलझन नहीं होने से मिलें राहत महसूस कर रही है। बाजार सूत्रों का कहना है कि 30 काउंट कॉटन यार्न का भाव 250 रू और 40 काउंट का भाव 275 रू की रेंज में चल रहा है। साउथ की मिलों में भी कॉटन यार्न का उत्पादन ठीक-ठाक हो रहा है। कॉटन कॉर्पोरेशन के स्पिनिंग मिलों को ही रूई बेंचने के निर्णय से स्पिनिंग मिलों की आशंकाएं कम हुई है, कॉटन यार्न की स्थिति ठीक है। स्थानीय स्तर पर मांग बढ़ने पर आपूर्ति संतुलित रहने का अनुमान है, क्योंकि भिन्न, क्षेत्रों में स्पिनिंग इकाइयों में कॉटन यार्न का उत्पादन बढ़ने लगा है परंतु विदेशों से आयात होने वाले यार्न के लिए जब से बीआईएस क्वालिटी कंट्रोल कोड लागू किया गया है, तब से ऐसे यार्न की बाजारों में कमी है और इनके भाव भी बढ़े है। इंडोनेशिया के यार्न को यह मंजूरी है,लेकिन विशिष्ट किस्म के यार्न की आपूर्ति कम है। जिस यार्न की मांग बढ़ी है, उनके भाव में तेजी है। 240/12 का भाव 35 रू तक बढ़ा है, इस यार्न की बाजारों में आपूर्ति 50 प्रतिशत तक कम है। ब्राइट यार्न का भाव प्रति किलो 50 रू तक बढ़ा है, तो रोटो का प्रति किलो 10 रू तक चढ़ा है।

